वर्ष-07, अंक - 80 | रविवार, 03 सितंबर 2023 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23
बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो

■ इम्पेक्ट फीचर

विकास के समग्र दृष्टिकोण से कार्य हुआ मध्यप्रदेश में

## कृषि क्षेत्र में बुलंदियों पर है मध्यप्रदेश- शाह



मध्यप्रदेश के विकास को नई गति, नई दिशा प्राप्त हुई और दोगुनी गति से मध्यप्रदेश ने विकास किया। मध्यप्रदेश राष्ट्रीय विकास दर से तेज गति से प्रगति कर रहा है। राष्ट्रीय जीएसडीपी में योगदान का प्रतिशत भी इस अवधि में 3.6 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो गया है। मध्यप्रदेश मूलरूप से कृषि प्रधान राज्य है, इसलिए कृषि क्षेत्र का प्रदेश की बढ़ती जीएसडीपी में काफी बड़ा योगदान है। किसानों की अथक मेहनत और शिवराज सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के परिणाम स्वरूप मध्यप्रदेश आज कृषि विकास के क्षेत्र में देश में सर्वोपरि है।

प्रदेश को कृषि उत्पादन तथा योजना संचालन क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए सात कृषि कर्मण अवार्ड प्राप्त हुए हैं। प्रदेश दलहन-तिलहन, सोयाबीन, उड़द के उत्पादन में देश में प्रथम है। गेहूं उपार्जन में मध्यप्रदेश ने नए कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं। 2003 में उत्पादन 224.07 लाख मीट्रिक टन था, जो कि 2023 में 725.5 लाख मीट्रिक टन हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश के किसानों को न सिर्फ आत्मनिर्भर, सुरक्षित और समृद्ध बनाया है, बल्कि भविष्य के लिए बेहतर विकल्प भी तैयार किए हैं। मध्यप्रदेश शासन ने राज्य में मध्यप्रदेश प्राकृतिक कृषि विकास बोर्ड का गठन किया है।

### साढ़े सात लाख हेक्टेयर पर प्राकृतिक खेती

नर्मदा भक्त मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा नदी के दोनों किनारों पर पांच-पांच किलोमीटर के दायरे में प्राकृतिक खेती के लिए निर्णय लिया है। इससे साढ़े सात लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती होगी। पोर्टल पर पंजीयन - राज्य प्राकृतिक खेती के पोर्टल पर प्रदेश के 59,071 किसानों द्वारा 1,10,341 हेक्टेयर भूमि प्राकृतिक कृषि हेतु पंजीयन किया गया है। रबी 2022-23 में 16969 नए किसानों का पंजीकरण मिलाकर 76040 किसानों द्वारा पोर्टल पर पंजीयन किया गया है।

लगातार बढ़ती रही विकास दर

## सिंचाई और बिजली की उपलब्धता बढ़ी

कृषि प्रधान राज्य मध्यप्रदेश के मुखिया के कृषक होने का लाभ पूरे प्रदेश के किसानों को मिला है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आज प्रदेश की कृषि विकास दर 18.89 है। प्रदेश ने खेती किसानी में अकल्पनीय प्रगति की है। सरकार ने हर वर्ष बजट को बढ़ाया है यही कारण है कि बुआई क्षेत्र, खाद्यान्न उत्पादन, तीसरी फसल का रकबा, उद्यानिकी फसलों का क्षेत्रफल, फार्म पॉवर उपलब्धता, फसल उत्पादकता, धान, गेहूं, चना, सोयाबीन उत्पादन के साथ ज्वार एवं कोदो-कुटकी की फसल के रकबे में भी अकल्पनीय वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व में लगातार बढ़े बजट के कारण बुआई का क्षेत्रफल 299 लाख हेक्टेयर हो गया। खाद्यान्न उत्पाद 619 लाख मीट्रिक टन पहुंच गया, तीसरी फसल का रकबा शून्य से बढ़कर अब 13 लाख हेक्टेयर हो गया है। मुख्यमंत्री चौहान की दूरदर्शिता और किसान हितैषी निर्णयों के परिणाम स्वरूप उद्यानिकी फसलों का क्षेत्रफल बढ़कर 25 लाख हेक्टेयर हो गया है। फार्म पॉवर उपलब्धता 2.72 किलोवाट प्रति हेक्टेयर हो गई है।

फसल उत्पादन बढ़कर 725.50 लाख मीट्रिक टन हो गया है। प्रदेश के किसान शिवराज के साथ परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहे हैं। यही कारण कि फसल उत्पादकता 2421 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तक बढ़ी है। धान उत्पादन 131.87 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। गेहूं उत्पादन में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई और यह 352.73 लाख मीट्रिक टन हो गया।

मध्यप्रदेश सरकार के रिपोर्ट कार्ड में किसानों की समृद्धि और हित की बात

# 27 हजार करोड़ के फसल बीमा और 47 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता से साढ़े 6 गुना बढ़ी कृषि विकास दर

**गृहमंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश सरकार का जो रिपोर्ट कार्ड प्रदेश की 9 करोड़ जनता के समक्ष रखा है, उसके अनुसार राज्य में कृषि विकास दर साढ़े छह गुना बढ़ गई है। गेहूं खरीदी 4 लाख 38 हजार मीट्रिक टन से 70 लाख 96 हजार मीट्रिक टन हो गई है। धान खरीदी 0.95 हजार मीट्रिक टन से बढ़कर 46 लाख 30 हजार मीट्रिक टन हो गई है। प्रदेश में 90 लाख से अधिक किसानों को 19 हजार करोड़ रुपए से अधिक लाभ दिए गए हैं।**

सरकार के लगातार प्रयासों और किसानों के लिए बनाई जा रही नीतियों के चलते लगातार 7 बार प्रतिष्ठित कृषि कर्मण अवार्ड प्राप्त करने वाले मध्यप्रदेश ने गेहूं उपार्जन में पंजाब और हरियाणा को पीछे छोड़ दिया है। प्रदेश का सोने जैसे दानों वाला गेहूं अमेरिका सहित अनेक देशों में निर्यात होता है। अब इसके निर्यात के लिए प्रयास बढ़ाए जा रहे हैं। प्रदेश में एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल भी बनाई गई है। कृषि विकास दर जो वर्ष 2002-03 में 03 प्रतिशत थी, वह वर्ष 2020-21 में बढ़ कर 18.89 प्रतिशत हो गई है। खेती और एलाइड सेक्टर का बजट भी 600 करोड़ से बढ़कर 53 हजार 964 करोड़ हो गया। खाद्य उत्पादन भी इस अवधि में 159 लाख मीट्रिक टन से बढ़ कर 619 लाख मीट्रिक टन हो गया है। मध्यप्रदेश सरकार की दूरगामी सोच और किसानों जुड़ी योजनाओं को पूर्ण करने के लिए वर्ष 2023 में 53 हजार 964 करोड़ रुपए का बजट रखा गया, वहीं अगर बात 2003 की करें तब किसानों के लिए यह बजट मात्र 600 करोड़ रुपए का था।



किसानों को लाभान्वित करने के लिये सरकार लगातार नई नीतियों पर काम कर रही

### फसल क्षति पर राहत के लिए उठाए कदम

- फसलों की क्षति पर राहत बांटने में अग्रणी राज्य है मध्य प्रदेश। प्रभावित किसानों को शून्य प्रतिशत पर बैंक ऋण।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अब तक 27 हजार 626 करोड़ 66 लाख रुपए दावा राशि का भुगतान किया गया है।
- फसलों को 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान पर क्षति शत-प्रतिशत मानकर 32 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर राहत राशि प्रदान की जाती है।
- अति वृष्टि, ओला वृष्टि के कारण फसलों को हुई क्षति से प्रभावित कृषकों की कर्ज वसूली स्थगित की गई।

### 20 वर्षों में 7 गुना से ज्यादा बढ़ा सिंचाई क्षेत्र

प्रदेश में कृषि को लाभ का धंधा बनाना के लिए सिंचाई क्षमताओं का निरंतर विकास किया जा रहा है। वर्ष 2003 में सिंचाई क्षमता केवल 7 लाख 68 हजार हेक्टेयर थी, जो वर्ष 2022 में बढ़ कर 47 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गई है। वर्ष 2025 तक सिंचाई क्षमता को बढ़ा कर 65 लाख हेक्टेयर किये जाने पर भी तेजी से काम किया जा रहा है। हर घर जल से नल योजना पर तेज गति से कार्य हो रहा है, अभी तक लगभग 50व्र घरों तक नल से जल पहुंच चुका है। आजादी के अमृत काल में प्रदेश में अब तक 5936 से अधिक अमृत सरोवर का निर्माण किया जा चुका है। केन-बेतवा लिंक परियोजना के प्रथम चरण में बांध, लिंक नहर तथा पॉवर हाउस का निर्माण कार्य इस वर्ष प्रारंभ होगा।

### सम्मान और कल्याण के प्रतिवर्ष रु. 12 हजार

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 70.61 लाख किसानों के खाते में 26 हजार 94 करोड़ 2 लाख रुपए की राशि अंतरित की गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना वर्ष 2018 में देश में लागू हुई। इसमें अब तक मध्यप्रदेश के कुल 91 लाख किसानों के खाते में 19 हजार करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री किसान - कल्याण योजना प्रदेश में 26 सितम्बर 2020 को लागू की गई। प्रत्येक किसान को प्रतिवर्ष 2 किस्तों में 3-3 हजार रुपए कुल 6 हजार रुपए खाते में भेजे जाते हैं। अब तक कुल 88 लाख 14 हजार किसानों के खाते में 7 हजार 699 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि अंतरित की जा चुकी है।

अंतरवर्तीय फसल उत्पादन सीमित क्षेत्र में असीमित उत्पादन

## साल में तीन खेती कर रहे किसान

नरसिंहपुर जिले की गोटेगांव तहसील के करकबेल के समीपी ग्राम चिरचिटा के किसान कृष्णपाल सिंह लोधी ने किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरणा दी है। उन्होंने एक वर्ष में एक एकड़ में प्राकृतिक खेती करके तीन लाख रुपये का शुद्ध लाभ लिया है। इसके लिए गन्ना फसल की प्रचलित तकनीक में संशोधन कर गन्ना के साथ सालभर अंतरवर्तीय फसल उत्पादन की नई तकनीक विकसित की और खेती को लाभदायक बनाया। कृष्णपाल सिंह ने बताया कि गन्ना फसल की दो कतारों के बीच की दूरी साढ़े 4 फीट रहती है। इसे बढ़ाकर 5 फीट किया और दो कतारों के बाद 10 फीट का पट्टा छोड़ा। इस पट्टे में सालभर तीनों सीजन में फसल लगाई। उन्होंने बताया कि नई तकनीक से खेत की अंतिम जुताई के समय 16 क्विंटल बायोगैस स्लरी और 4 क्विंटल घन जीवामृत डालकर खेत तैयार किया। इसके बाद 5 फुट के अंतर पर धार ट्रेंच बनाई। गन्ना को बीजामृत से उपचारित करके दो कतारों में गन्ना लगाया। इसके बाद एक कतार को छोड़कर गन्ना लगाते समय दो कतारों के बीच 5 फुट के अंतर पर आलू लगाए । गन्ना लगने के दस दिन बाद जब बतर आ गई, तब 10 फीट के अंतर में चना को बीजामृत से उपचारित कर बोवनी की । चना कटाई के बाद मूंग की बोनी की। मूंग काटकर अदरक, उड़द, सोयाबीन की बोनी की जाती है।

### प्रदेश के बाहर जा रहा गन्ना

प्रति एकड़ इस तकनीक से प्राप्त 25 क्विंटल आलू को 800 प्रति क्विंटल की दर से बेचा। साढ़े 5 क्विंटल चना 7 हजार प्रति क्विंटल बिका, दो क्विंटल मूंग 10 हजार प्रति क्विंटल बिकी, 20 क्विंटल अदरक प्रति क्विंटल 2 हजार की दर से बेचा। इसके बाद मुख्यमंत्री फसल गन्ना का उत्पादन 280 क्विंटल मिला। लोधी ने बताया कि इससे उन्होंने 39.9 क्विंटल गुड़ पाउडर, कैंडी अदरक युक्त गुड़ का निर्माण किया, जिसे 7 हजार प्रति क्विंटल की दर से भोपाल, स्थानीय बाजार एवं मुंबई के व्यापारी को बेचा।

### आलू से बढ़ी आजीविका

आलू से 20 हजार, चना से 38 हजार 500, मूंग से 20 हजार, अदरक से 40 हजार और गुड़ से 2 लाख 79 हजार कमाए। इस तरह कुल 3 लाख 97 हजार 500 की आमदनी हुई। इसमें गुड़ निर्माण, पैकिंग, आलू, चना, मूंग, अदरक, गन्ना के बीज, निदाई-गुड़ाई, कटाई पर 97 हजार 500 की लागत आई। इस तरह से एक एकड़ की जैविक खेती से खर्च काटकर 3 लाख का शुद्ध मुनाफा हुआ। किसान लोधी के मुताबिक जिले में करीब 72 हजार हेक्टेयर कबे में गन्ने की खेती हो रही है।

प्रदेश में जैविक खेती समृद्धि और सेहत का साथ

## 17.31 लाख हेक्टेयर क्षेत्र जैविक प्रमाणित



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शपथ ग्रहण के बाद से ही किसानों की समृद्धि और खुशहाली का जो वादा खुद से किया था उसे पूरा करने में वे आज भी प्राणपण से जुटे हुए हैं। उनके वादे को पूरा करने में प्रदेश के किसानों के साथ सरकार भी हर कदम पर मजबूती से खड़ी है। सभी के समन्वित प्रयासों का सुखद परिणाम है कि आज प्रदेश जैविक खेती में सिरमौर है। इससे प्रदेशवासियों को हेल्दी फूड मिल रहा है। प्रदेश में जैविक खेती का कुल क्षेत्र लगभग 16 लाख 37 हजार हेक्टेयर है, जोकि देश में सर्वाधिक है। जैविक उत्पाद का उत्पादन 14 लाख 2 हजार मीट्रिक टन रहा, जो क्षेत्रफल की भांति ही देश में सर्वाधिक है। मध्यप्रदेश में कुल 17 लाख 31 हजार हेक्टेयर क्षेत्र जैविक प्रमाणिक हैं। जिसमें 16 लाख 38 हजार एपीडा से और 93 हजार हेक्टेयर क्षेत्र, पी. जी. एस. से पंजीकृत है।

### मध्यप्रदेश सरकार कर रही सपोर्ट

प्रदेश ने पिछले वित्त वर्ष ( 2020-21 ) में 2683 करोड़ मूल्य के पांच लाख मीट्रिक टन से ज्यादा के जैविक उत्पाद निर्यात किए। प्रदेश में जैविक वनोपज भी ली जा रही है। प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम %में जैविक खेती को शामिल करने की योजना है।

- राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वर्ष 2011 में जैविक नीति तैयार की गई थी। वर्ष 2015 में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में परंपरागत कृषि विकास योजना लागू की गई एवं योजनांतर्गत 880, 500 क्लस्टर एवं 2448 समूह का क्रियान्वयन किया गया। वर्तमान में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जैविक खेती के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां अर्जित की गई हैं।
- जैविक खेती के प्रोत्साहन स्वरूप मध्यप्रदेश राज्य में कुल 24.636 लाख हेक्टेयर जैविक प्रमाणिक क्षेत्र है।
- इस 24.636 लाख हेक्टेयर में से 23.706 लाख हेक्टेयर जैविक क्षेत्र एपीडा के अंतर्गत पंजीकृत हैं, जबकि शेष 0.93 लाख हेक्टेयर जैविक क्षेत्र पी.जी.एस. के अंतर्गत पंजीकृत हैं, जो कि देश का सर्वाधिक है। साथ ही जैविक उत्पादों की निर्यात में भी प्रदेश ने वर्ष 2021-22 में 176,385.91 मीट्रिक टन जैविक उत्पाद विश्वभर में निर्यात किए गए हैं। प्रदेश जैविक कपास उत्पादन के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी क्षेत्रों में से एक है। प्रमाणिक जैविक क्षेत्र के अतिरिक्त प्रदेश में जैविक वनोपज भी किया जा रहा है, जिसका प्रमाणीकरण नहीं है।
- पर परंपरागत कृषि विकास योजनांतर्गत वर्ष 2015-16 से वर्ष 2022-23 तक प्रदेश में कुल 3888 जैविक क्लस्टर तैयार किए जा चुके हैं।
- पर परंपरागत कृषि विकास योजनांतर्गत अभी तक लगभग 115960 से अधिक किसानों का पंजीयन योजनांतर्गत किया जा चुका है। 74221 किसानों को पी.जी.एस. प्रमाण-पत्र जारी किए जा चुके हैं।
- प्रदेश के 08 आकांक्षी जिलों में परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत 40 समूह (प्रति समूह 20 हेक्टेयर) प्रदाय किए गए हैं।

प्रदेश के युवाओं को कृषि से उद्योग जगत में मिल रहा प्रवेश

## अधिकतम समर्थन मूल्य पर फसल बेचने की मिल रही सुविधा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का गौरव-गान वैश्विक स्तर पर हो रहा है। देश के सशक्तिकरण में मध्यप्रदेश भी पूरी ताकत से सशक्त भारत के सपने को साकार करने में लगा है। विगत तीन वर्षों से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। चना, मसूर एवं सरसों के समर्थन मूल्य पर उपार्जन गेहूं के साथ खेती करने के निर्णय से ही किसानों को हजार करोड़ रूपए का अतिरिक्त लाभ हुआ है। प्रदेश ने कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर पुरस्कार प्राप्त करने का भी रिकॉर्ड कायम किया है। कृषकों के परिश्रम से सिंचित हमारा प्रदेश नित नए कीर्तिमान स्थापित कर है। सरकार किसानों को फसल का अधिकतम समर्थन मूल्य (एमआरपी) दिलाने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है।

प्रदेश के किसानों को खुशहाल और समृद्ध बनाने के लिए विगत 3 साल में समग्र प्रयास किए गए। राज्य सरकार, प्रदेश की समृद्धि के लिए किसानों को समृद्ध करने के निरन्तर प्रयास कर रही है, क्योंकि जब किसान समृद्ध होगा, तभी गांव समृद्ध होगा और गांव समृद्ध होगा, तो प्रदेश समृद्ध होगा । प्रदेश की समृद्धि में ही देश की समृद्धि निहित है। किसान पुत्रों को किसानी के साथ उद्योगपति बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए उन्हें सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को उपज की ग्रेडिंग, सार्टिंग और मॉर्केटिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है । किसान अपनी कृषि उपज से संबंधी उद्योग



लगाएं एवं अन्य उत्पाद तैयार कर और अधिक दाम प्राप्त करें। प्रदेश में कृषि आधुनिकीकरण के नए आयाम स्थापित हुए हैं। प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, फसल विविधिकरण के लिए किसानों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। हजारों की संख्या में कृषि उत्पादक समूह (एफपीओ) गठित किए जा रहे हैं। अब तक 400 से अधिक एफपीओ गठित किए जा चुके हैं। एफपीओ द्वारा समूह के किसानों को गुणवत्तापूर्ण संसाधनों के साथ परामर्श भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इतना ही नहीं उपज की मार्केटिंग के साथ बेहतर दाम दिलाने में भी सरकार मदद कर रही है।

### कृषि के लिए वित्तीय प्रबंधन (राशि लाख रु.)

| वर्ष | प्रावधान | आवंटन | व्यय |
|---|---|---|---|
| 2003-04 | 34649.92 | 23532.15 | 17987.40 |
| 2019-20 | 1525136.04 | 1572124.32 | 1496619.49 |
| 2020-21 | 1403078.35 | 1359112.85 | 1354214.18 |
| 2021-22 | 1600531.33 | 1559391.18 | 1545992.24 |
| 2022-23 | 400727.72 | 252125.29 | 249173.64 |

### किसान कल्याण के लिए कृषि बजट में निरंतर वृद्धि

वर्तमान प्रदेश सरकार ने किसानों के कल्याण और कृषि विकास के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। नई योजनाओं की शुरूआत की जा रही है। इनका पूरा लाभ किसानों को मिल सके, इसलिए योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। सरकार ने इस सब के लिए बजट में राशि का भरपूर प्रावधान किया गया है। वर्ष 2003-04 से तुलना की जाए तो वर्ष 2022-23 के लिए लगभग 11.5 गुना अधिक प्रावधान, लगभग 10.7 गुना आवंटन और 13 गुना अधिक व्यय किया गया है। बजट की यह स्थिति शासन द्वारा किसानों के लिए हर संभव सहायता पहुंचाने का दृष्टिकोण स्पष्ट करती है।

D16227/23

■ इम्पैक्ट फीचर

## श्रावण मास में उज्जैन महाकाल महालोक पहुंचे 1 करोड़ से अधिक दर्शनार्थी

# 1 साल में 6 करोड़ लोगों ने किए महाकाल के दर्शन

**मध्यप्रदेश** की धार्मिक राजधानी बाबा महाकाल की नगरी उज्जयनी (उज्जैन) अपने उद्भव के 5000 वर्ष बाद एक नए और भव्य स्वरूप में संवारी गई है। केन्द्र और प्रदेश सरकार को ऐतिहासिक कोशिशों के बाद बाबा के दरबार को श्री महाकाल लोक के तौर पर तैयार किया गया है, जिसके बाद से उज्जैन लगातार आर्थिक और सांस्कृतिक विकास की ओर असर है। 4 जुलाई से शुरू हुए श्रावण मास में उज्जैन महाकाल में दर्शनार्थियों की संख्या 1 करोड़ 5 लाख 200 हजार तक पहुंच चुकी है। यह अब तक का सबसे बड़ा आकड़ा है।

भक्तों की संख्या का पता करने के लिए महाकाल मंदिर के मुख्य द्वार पर हेड कॉउंटिंग मशीन लगाई गई है। दरअसल उज्जैन में भक्तों की संख्या महाकाल लोक बनने के बाद से लगातार बढ़ती जा रही है। महाकाल लोक उज्जैन में विकास की एक नई क्रांति लेकर आया है। इस लोक ने उज्जैन शहर या कहें कि पूरे जिले का आर्थिक परिदृश्य बदलने का चमत्कार कर दिया है। पहले जहां डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु महाकाल दर्शन के लिए हर महीने पहुंचते थे, उतने अब एक दिन में पहुंच रहे हैं। दो महीने बाद जय महाकाल लोक के लोकार्पण को एक साल पूरा हो चुका होगा, तब तक संभव है कि उज्जैन में 6 करोड़ श्रद्धालु पहुंच चुके हो।

दरअसल, यहां बात सिर्फ लोगों की संख्या से अभिभूत होने की नहीं है, बल्कि यह उज्जैन के आर्थिक विकास से जड़े है। महाकाल लोक अपनी पूर्णता के साथ उज्जैन के नागरिकों को आत्मनिर्भरता, रोजगार और विकास की नई राह पर ले जा रहा है। उज्जैन में इस वक्त होटल रेस्तरां और टैक्सी सेवा के साथ ही रेलवे व सार्वजनिक परिवहन के अन्य साधनों ने जो छलांग लगाई है, यह अचनित भी करती है। उज्जयनी में स्थानीय रोजगार में वृद्धि हुई है।

## महाकाल लोक बनने के बाद से मंदिर को मिलने वाला दान भी लगातार बढ़ रहा

महाकाल लोक बनने के बाद से मंदिर को मिलने वाला दान भी लगातार बढ़ रहा है। खुद महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप सोनी कहते हैं- आठ-नौ महीने पहले तक मंदिर को प्रतिदिन 7 से 8 लाख रुपए तक की दान राशि मिलती थी, लेकिन अब यह आंकड़ा बढ़कर 50 लाख रुपए प्रतिदिन तक पहुंच गया है। मंदिर को अप्रैल-मई मे ही 27 करोड़ रुपए से ज्यादा का दान मिला है।



### हर तरह के व्यवसाय में जबरदस्त उछाल

उज्जैन में लोगों की आवाजाही बढ़ने से कैसे यहां की तस्वीर बदल रही है, इसे आसानी से देखा जा सकता है। यदि 6 करोड़ यात्री यहां हर वर्ष आते हैं और एक व्यक्ति 500 रुपए भी औसत खर्च करता है. जो वह सीधे 3000 करोड़ रुपए होता है। वहीं राशि पर्यटन, होटल ट्रांसपोर्ट से लेकर रियल इस्टेट तक के कारोबार में पहुंच रही है। महाकाल लोक की ही 18 लाख ऑफसेट कीमत की दुकानों की कीमत 1.90 करोड़ रुपए तक प्राप्त हुई है वहीं अब उज्जैन विकास प्राधिकरण की जमीनें भी चार गुना ज्यादा मूल्य तक बिकने लगी है। जाहिर है कि जब स्थानीय निकाय व सरकारी एजेंसियों के पास राजस्व के जरिये बढ़ेंगे तो स्थानीय रहवासियों के लाभ का दायरा व्यापक होगा। कल मिलाकर उज्जैन में हर तरह के व्यवसाय में जबरदस्त उछाल आया है। कई नए सेक्टर भी उभरे हैं।

## रेस्टोरेंट संचालक कारोबार के बढ़ते ग्राफ से खुश

**उज्जैन** में होटल रेस्टोरेंट कारोबार दर्शनार्थियों पर निर्भर रहता है। कई परिवार तो ऐसे हैं, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस इंडस्ट्री में जुटे हुए हैं। लेकिन पिछले एक साल में रेस्टोरेंट उद्योग में तेजी से उछाल आया है। शहर में इस वक्त करीब 20 बड़े होटल और 350 छोटे व मध्यम दर्जे के होटल्स हैं। एक अनुमान है कि महाकाल लोक के लोकार्पण से पहले यहां तीन दिन ही होटल व्यवसाय के लिये अहम होते थे, यानी शुक्रवार, शनिवार और रविवार, जिसे वीकएंड भी कहा जाता है। तब भी इन होटलों में महज 50 प्रतिशत ही ऑक्यूपेंसी होती थी। अब स्थिति यह है कि सोमवार से गुरुवार तक ही इन होटल के कमरे 75 फीसदी तक भरे रहते हैं, फिर सप्ताहांत के तीन दिन सौ फीसदी ऑक्यूपेंसी होती है। रेस्टोरेंट संचालक कारोबार के इस बढ़ते ग्राफ से खुश हैं, क्योंकि इनका कारोबार सीधे तीन सौ फीसदी तक बढ़ गया है। सातों दिन अब होटल में बर्तन खनकते हैं और टेबल्स फुल रहती हैं। करीब डेढ़ लाख मेहमानों के इन होटल्स में हर रोज भोजन तैयार हो रहा है। ऐसे में शहर के किराना व्यवसाय में भी जबर्दस्त उछाल आया है। यहां थोक और फुटकर दोनों ही किराना व सब्जी के कारोबारी इसका लाभ ले रहे हैं। पहले लोग महाकाल के दर्शन करके लौट जाते थे, मगर अब शाम के बाद लाइटिंग का आकर्षण उन्हें ज्यादा समय तक रोकता है या रात गुजारने को भी प्रेरित करता है। अकेले कालभैरव मंदिर में ही अब रोज 75 हजार से ज्यादा लोग जा रहे हैं।

### अब एक माह में गुजरती हैं साढ़े पांच लाख गाड़ियां

शहर की सड़कें सिर्फ दुरुस्त ही नहीं हुई हैं, बल्कि उन पर अब पहले से बहुत व्यस्त भी नजर आने लगी हैं। उज्जैन से इंदौर या देवास की तरफ जाने वाले मार्गों पर यह व्यस्तता आसानी से नजर आ जाती है। श्री महाकाल लोक के बनने से वाहनों की संख्या में भी अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। 11 अक्टूबर 2022 के पूर्व उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इंदौर उज्जैन मार्ग पर वाहनों की संख्या 3 लाख 3 हजार 782 प्रतिमाह थी जो कि वर्तमान में बढ़कर 5 लाख 55 हजार 64 प्रतिमाह हो गई है। इस लिहाज से एक वर्ष से भी कम समय में लगभग ढाई लाख गाड़ियों की संख्या बढ़ी है। उज्जैन से इंदौर की राह पर साढ़े पांच लाख से ज्यादा वाहन प्रतिमाह गुजरने लगे हैं। इससे पेट्रोल-डीजल पंपों का कारोबार भी बढ़ा है। एमपीआरडीसी के संभागीय प्रबंधक राकेश जैन का कहना है कि अब वाहनों की संख्या में प्रतिमाह 83 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, सिर्फ कारों की ही संख्या दोगुनी से ज्यादा हो चुकी है। उनका कहना है कि ये सिलसिला लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

### तीन माह में सुविधा होगी शुरू, उज्जैन आने वाले श्रदालु ले सकेंगे ई-बाइक



**उज्जैन** आने वाले श्रदालुओं के लिए ई-बाइक सुविधा शुरू होगी। सिटी ट्रांसपोर्ट की ओर श्रद्धालुओं को किराए पर इलेक्ट्रिक बाइक उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे उज्जैन के धार्मिक स्थलों पर घूम सकेंगे। इसके तहत 150 ई-बाइक मिलेगी। उन्हें आगामी तीन माह में शुरू कर दिया जाएगा।

श्रद्धालुओं को इसके लिए निगम की ओर से जो शुल्क निर्धारित किया जाएगा यह देना पड़ेगा। उसके बाद वे बाइक लेकर घूमने जा सकेंगे इलेक्ट्रिक स्कूटर संचालन के साथ महाकाल लोक में एक ही ड्रेस कोड और एक ही कलर के ई रिक्शा का संचालन होगा। इसके 7 साथ ही सिटी ट्रांसपोर्ट में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर की नियुक्ति होगी। सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस 7 लिमिटेड की हालिया बैठक में यात्रियों की सुविधाओं से जुड़े कई निर्णय लिए गए, जिसके तहत शहर में बढ़ती हुई श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के लिए 50 इलेक्ट्रिक बसे क्रय करने के लिए जोसीसी मॉडल पर संचालन किए जाने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। जल्द ही उज्जैन की सड़कों पर ऐसे वाहन दौड़ते दिखेंगे।



## 2028 -सिंहस्थ में भक्तों की संख्या दोगुने होने की संभावना

सिंहस्थ 2016 कुंभ महापर्व के दौरान लगभग 7.5 करोड़ श्रद्धालु उज्जैन आए थे। यह आंकड़ा अपने आप में ऐतिहासिक है। लेकिन वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ में भक्तों को यह संख्या दोगुने से भी ज्यादा होने वाली है। एक अनुमान है कि आगामी सिंहस्थ में लगभग 15 करोड़ श्रद्धालु महाकाल की नगरी में पहुंचेंगे। संभावना यह भी है कि श्री महाकाल महालोक परियोजना में हुए विकास कार्यों के चलते भक्तों के यहां रुकने का वक्त भी पहले से ज्यादा होगा। ज्यादातर भक्त जहां पहले शाही स्नान के दौरान ही पहुंचते थे और वापस चले जाते थे, अब वह यहां लंबे समय तक रहेंगे। धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से उज्जैन एवं आस-पास के क्षेत्र में अधोसंरचना एवं यात्री सुविधाओं के विकास के फलस्वरूप उज्जैन आगामी सिंहस्थ हेतु तैयार है। श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया नया थाना आगामी दिनों में त्योहारों को देखते हुए मध्य प्रदेश पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है। इसके तहत उज्जैन में महाकाल लोक नाम से नया थाना भी खोला जा रहा है। मध्यप्रदेश के गृह मंत्री के मुताबिक उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल लोक निर्माण के बाद देशभर के श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। उनकी सुरक्षा और अन्य परिस्थितियों में मदद के लिए महाकाल लोक थाना खोलने का निर्णय लिया गया है।

## पर्यटकों की संख्या दिन- दोगुनी बढ़ रही, उमड़ रहा श्रद्धा का सैलाब

# प्रकृति के अदभुत नजारों से साक्षात्कार करने पहुंच रहे ओंकारेश्वर, मांडू और हनुवंतिया

**श्री महाकाल लोक ने प्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं का विस्तार कर दिया है। यह अद्भुत संयोग है कि धार्मिक पर्यटन के लिए उज्जैन आने वाले श्रध्दालुओं को अब ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी के रमणीक किनारों व मंदिरों के साथ ही खंडवा जिले में नर्मदा सागर की अथाह जलराशि को निहारने व हनुवंतिया पहुंचकर प्रकृति के अदभुत नजारों से साक्षात्कार का मौका मिला है। मांडू में फैला इतिहास भी अपनी दास्तां बताने के लिए आमंत्रित कर रहा है। यह पूरा इलाका टूरिस्ट सर्किट के तौर पर पहले ही बड़ा आकार लेने की कोशिशों में था। नौ महीने में महाकाल महालोक ने इस बुनियाद को पुख्ता कर दिया है।**

### श्री महाकाल लोक ने प्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं का कर दिया विस्तार



### इंटरनेशनल एयरपोर्ट से विदेशी यात्री भी पहुंचे

उज्जैन में विदेशी नागरिकों के पहुंचने का सिलसिला भी लगातार बढ़ता जा रहा है। इंदौर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के चलते उन्हें पहुंचने की सुविधा बढ़ी है। उज्जैन के चलते अब पर्यटक आसपास के पर्यटन स्थलों पर भी नजरें दौड़ाते हैं। इसकी पुष्टि खंडवा जिला कलेक्टर करते हुए कहते हैं- इस वक्त खंडवा में लगभग एक लाख यात्री रोजाना आ रहे हैं। किसी खास पर्व या सप्ताहांत में यही संख्या डेढ़ लाख तक भी पहुंच जाती है। जबकि पहले यह संख्या महज 25 से 50 हजार के आसपास होती थी। अब इंदौर, उज्जैन व ओंकारेश्वर ऐसे ही रिलीजियस टूरिज्म का बड़ा सर्किट बन गया है। पर्यटन क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि विदेशी पर्यटक ज्यादा समय बिताते हैं और इससे राजस्व में भी वृद्धि होती है।

## उज्जैन में देश का पहला यूनिटी मॉल बनाया जाएगा

उज्जैन में देश का पहला यूनिटी मॉल बनाया जाएगा। निर्माण के लिए वित्त मंत्रालय भारत सरकार ने 284 करोड़ रु. स्वीकृत किए हैं। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से यह उपलब्धि राज्य के खाते में है। उन्होंने मॉल का निर्माण समय-सीमा में करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। यह स्वीकृति भारत सरकार की 'स्कीम ऑफ स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर केपिटल इन्वेस्टमेंट 2023 24' के तहत दी गई है। यूनिटी मॉल वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट, जी.आई. प्रोडक्ट, हस्तशिल्प उत्पाद एवं अन्य स्थानीय उत्पादों के प्रमोशन एवं विक्रय के लिए वन स्टॉप मार्केट प्लेस के रूप में कार्य करेगा। प्रदेश में सभी जिलों के उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए दुकानें रहेंगी। यूनिटी मॉल में अन्य राज्यों के प्रमुख उत्पाद भी उपलब्ध रहेंगे। यूनिटी मॉल में सभागार, खाने के स्टॉल और गार्डन भी रहेगा। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक प्रदेश में एक यूनिटी मॉल का निर्माण होना है। भारत सरकार से पहली स्वीकृति मध्यप्रदेश को मिली है।

## रेलवे स्टेशन व सुविधाओं का विकास

यात्रियों की निरंतर बढ़ती हुई संख्या के चलते यात्री सुविधाओं की जरूरतें भी बढ़ी हैं। इन्हें विकसित करने के उद्देश्य से उज्जैन रेलवे स्टेशन के विकास के लिए रेल मंत्रालय ने 850 करोड़ रु. की योजना स्वीकृत की है। साथ ही सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने ह.ाइ के माध्यम से उज्जैन रेलवे स्टेशन से श्री महाकाल लोक तक 209 करोड़ रुपए की रोप-वे योजना भी स्वीकृत की है। इन योजनाओं पर शीघ्र ही कार्य शुरू हो जाएगा। वंदे भारत जैसी महत्वाकांक्षी रेल परियोजनाएं भी उज्जैन में आकार ले चुकी हैं। इस तरह से कई ऐसी ट्रेनें भी हैं, जिन्हें उज्जैन में हॉल्ट दिया जा रहा है। ऐसे में शहर में रेल से आने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

D16227/23

भाद्रपद कृष्ण पक्ष-04, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 80 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
03 सितंबर 2023 रविवार

**आज का मौसम**
32 अधिकतम
24 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

### चित्रकूट के पास नड्डा ने दिखाई हरी झंडी, शाह व राजनाथ भी आयेंगे

# 19 दिन, सौ सभा व 50 विस क्षेत्र जनआशीर्वाद यात्रा पर निकले रथ

**भोपाल,चित्रकूट , दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले 'व्यापक जनसंपर्क' की शुरूआत आज भाजपा ने जन आर्शीवाद यात्रा के जरिये कर दी है। आज भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सतना जिले में चित्रकूट के समीप यात्रा को हरी झंडी दिखाई। केंद्रीय मंत्री अमित शाह,राजनाथ सिंह भी मंडला,खंडवा, उज्जैन,श्योपुर से यात्रा को रवाना करेंगे। यह यात्रा भाजपा की चुनावी तैयारियों का प्रतीक हैं। चूंकि मप्र के मामले में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने कमर कस ली है,लिहाजा बीते दो महीने में भाजपा में बैठकें,समितियां और मैदानी कार्यक्रम तेज हो गये हैं।

प्रथम चरण की यह यात्रा सतना जिले में 3 दिन रहेगी और सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगी। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान,गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, बृजेंद्र प्रताप सिंह,राजेंद्र शुक्ला,कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी आज मौजूद थे। इस मौके पर नड्डा ने कमतानाथ मंदिर के दर्शन किए व सभा को संबोधित किया।

## जनता पानी पिलाएगी, वोट नहीं देगी



इधर मप्र कांग्रेस चीफ कमलनाथ ने कहा है कि 'आज भाजपा में अपराधबोध जागा है। जन आशीर्वाद यात्रा' करके जनता तक जाने की ज़रूरत इसलिए पड़ रही है क्योंकि उनके काम जनता तक नहीं पहुँचे। अगर भाजपा जनता के बीच 'क्षमाप्रार्थी' बनकर जाएगी तो आशा है मध्यप्रदेश की बड़े दिलवाली जनता औपचारिकतावश उनकी यात्रा को पानी तो पिला दे, लेकिन भाजपा को वोट नहीं देगी।' नाथ ने कहा कि मप्र में भाजपा दो रिकार्ड बनाने जा रही है- सबसे ज़्यादा झूठी घोषणाओं का और सबसे ज़्यादा वोटों से हारने का।



*जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान चित्रकूट पहुंचे भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा ने आरोग्य धाम में भारत रत्न नानाजी देशमुख की प्रतिमा के समक्ष कि श्रद्धा सुमन अर्पित।*




### भाजपा में भगदड़ का दौर भी

हालांकि हाइकमान के तमाम प्रयासों के बाद भी भाजपा के भीतर नेताओं की नाराजगी व अनमनापन कम नहीं हो रहा है। भाजपा से अब तक करीब तीन दर्जन नेता कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। पूर्व मंत्री दीपक जोशी के कांग्रेस में जाने के बाद यह सिलसिला रुक नहीं रहा। हाल में विधायक वीरेंद्र रघुवंशी समेत भंवर सिंह शेखावत और गुड्डु राजा भी कांग्रेस में आये हैं,वहीं विधाकय सीतासरन शर्मा के भाई व पूर्व भाजपा विधायक गिरिजाशंकर शर्मा के भी कांग्रेस में आने की संभावना बन रही हैं। हालांकि भाजपा से लगातार का्ंग्रेस में आने वाले नेताओं की वजह से खुद कांग्रेस के ही कई क्षेत्रीय नेता बेचैन हैं।

### कांग्रेस के मैदानी सन्नाटे पर जताई नाराजगी



सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस ने नये प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेंवालां ने मैदानी स्तर पर दो महीने से आई शिथिलता की खबर ली है और सभी जिलाध्यक्षों को कामकाज के निर्देश देते हुए नियमित रिपोर्ट करने को कहा है। सुरजेवालां ने जिलाध्यक्षों समेत सभी प्रदेश पदाधिकारियों को भी संकेत दे दिये हैं कि वे संगठन की हर गतिविधियों की खुद सीधी निगरानी करेंगे। बताया जाता है कि सुरजेवालां के कमान संभालने के बाद उम्मीदवारों की सूची और संगठन के कामकाज के लिये होने वाली कुछ नियुक्तियों में भी अब हाइकमान का सीधा हस्तक्षेप हो गया है।

## स्टालिन के मंत्री पुत्र की टिप्पणी पर बवाल मचा

**चेन्नई, एजेंसी।**



सनातन धर्म पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे की टिप्पणी पर बवाल मच गया है। स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन सरकार में युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री हैं। एक कार्यक्रम में उन्होंने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से कर दी। उन्होंने एक सम्मेलन में कहा कि इसका नाम 'सनातन विरोधी सम्मेलन' के बजाय 'सनातन उन्मूलन सम्मेलन' रखा है, मैं इसकी सराहना करता हूं। कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता, उन्हें खत्म ही कर देना चाहिए। हम डेंगू, मच्छर, मलेरिया या कोरोना का विरोध नहीं कर सकते, इन्हें जड़ से मिटा देते हैं। ऐसे ही हमें सनातन को मिटाना है। उदयनिधि के बयान पर भाजपा भड़क गई है। आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सनातन धर्म पर टिप्पणी के लिए उदयनिधि स्टालिन पर निशाना साधा और कहा कि वह 80 प्रतिशत आबादी के नरसंहार का आह्वान कर रहे हैं।

तमिलनाडु बीजेपी प्रमुख के अन्नामलाई ने एक्स हैंडल पर लिखा, आप, आपके पिता या उनके सहालकारों के पास ईसाई मिशनरियों से खरीदा हुआ यह विचार है। उन मिशनरियों का मकसद भी आप जैसे मूर्खों को अपनी विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए तैयार करना था।

### पीएम की बजाय सनातन धर्म से लड़ रहे

इस टिप्पणी पर हिंदू महासभा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि ने उदयनिधि स्टालिन को आड़े हाथ लिया व कहा कि मंत्री को समझना चाहिए की सनातन धर्म कोई टॉफी या बताशा नहीं है, जो मुंह में डाला और गल जाएगा। सनातन धर्म सदियों से अस्तित्व में है और रहेगा। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य कि जितने भी ढ्ढ.हृ.ष्ठ.ढ्ढ. गठबंधन से जुड़े लोग हैं वो पीएम मोदी की बजाय सनातन धर्म से लड़ रहे हैं। उनका उद्देश्य सनातन धर्म को खत्म करना है।

## वन-डे के लिए टीम का ऐलान आज, सैमसन रिजर्व प्लेयर !

**नई दिल्ली , एजेंसी।**



वनडे विश्व कप 2023 के लिए भारत की टीम चुन ली गई है। आईसीसी के नियम के अनुसार विश्व कप में शामिल सभी देशों को अपनी टीम का एलान पांच सितंबर तक करना है और बाद में इसमें बदलाव किए जा सकते हैं। बताया जाता है कि हाल में भारत-पाकिस्तान मैच के बाद कप्तान रोहित शर्मा, कोच राहुल द्रविड़ और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के बीच बैठक हुई जिसमें विश्व कप की टीम तय की गई। इसका आधिकारिक एलान आज या कल होगा। माना जा रहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन, तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और युवा तिलक वर्मा विश्व कप टीम में जगह नहीं बना पाए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अनफिट लोकेश राहुल टीम का हिस्सा हैं। अगर वह तय समय तक फिट नहीं होते हैं तो संजू सैमसन को उनकी जगह चुना जाएगा। सैमसन रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम के साथ रहेंगे।

## पं मिश्रा छिंदवाड़ा में करेंगे कथा



**भोपाल ।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में एक बार फिर से धर्म की बयार बहने वाली है। बागेश्वर धाम के महंत पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के बाद अब पं प्रदीप मिश्रा की कथा पांच सितंबर से शुरू होगी और 9 सितंबर तक चलेगी। मिश्रा 4 सितंबर को विशेष विमान से नाथ के साथ पहुंचेंग। जहां सांसद नकूल नाथ उनकी अगवानी करेंगे। कथा सिमरिया हनुमान मंदिर में 42 एकड़ मैदान में होगी। मारूति नंदन सेवा समिति के संयोजक आनंद बख्शी के अनुसार, कथा का समय दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक रहेगा।

## दूधी नदी में डूबे पांच लड़कों के शव मिले

**पिपरिया।** नर्मदापुरम में शनिवार को दो नाबालिग समेत 5 लोग दूधी नदी में डूब गए थ। चले रेस्क्यू ऑपरेशन में दो शव बरामद किये थे । रात होने से रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया था। आज फिर सर्च किया गया। तीन और लड़कों के शव बरामद किए गए। हादसा बनखेड़ी से सटे डूमर गांव में हुआ। जहां शनिवार को 6 लड़के दूधी नदी में नहाने गए थे। इनमें से 5 लड़के नदी में उतरे, जो गहराई में डूबने लगे।

## अभिनेता शिवाजी का निधन



**चैन्नई।** मशहूर तमिल एक्टर और हास्य कलाकार आर.एस. शिवाजी का 66 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। वह आखिरी बार दो ही दिन पहले रिलीज़ हुई योगी बाबू-स्टारर 'लकीमैन' में देखे जा रहे हैं। इसके अलावा साल 2020 सूर्या-स्टारर फिल्म 'सोरारई पोटरू' में अपने काम के लिए उन्हें जाना जाता है। उनकी मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कार्डिएक अरेस्ट को मौत की वजह बताया जा रहा है।

## जातिवाद व सांप्रदायिकता का कोई स्थान नहीं रहेगा : मोदी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 की अध्यक्षता के सकारात्मक प्रभावों के बारे में कहा है कि 'सबका साथ, सबका विकास' से ही विश्व कल्याण संभव है।एक समाचार एजेंसी को दिये इंटरव्यू में मोदी ने कहा कि आज हम भारतीयों के पास विकास की नींव रखने का शानदार मौका है जिसे अगले हजारों वर्षो तक याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता मिलने के बाद कई सकारात्मक चीजें हुई हैं। इनमें से कई मेरे दिल के करीब हैं। हमारे राष्ट्रीय जीवन में भ्रष्टाचार, जातिवाद और साम्प्रदायिकता का कोई स्थान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया का जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण, अब मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में बदल रहा है; भारत इसमें उत्प्रेरक की भूमिका निभा रहा है।

### कुछ बड़ा ही होगा



इधर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि, 'सरकार की आम चुनाव पहले कराने की कोई योजना नहीं है और मोदी अपने कार्यकाल के आखिरी दिन तक भारत के नागरिकों की सेवा करना चाहेंगे।सरकार की आगामी विधानसभा चुनावों को आम चुनावों के साथ कराने की कोई योजना नहीं है. ठाकुर ने चुनाव समय से पहले या देरी से होने की सभी बातों को मीडिया अनुमान कहकर खारिज कर दिया। ठाकुर ने संकेत दिया कि सरकार के पास 18 सितंबर से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र के लिए बड़ी योजनाएं हैं।

## सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली ।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए तत्काल नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती किया है। इससे पहले मार्च में भी सोनिया खराब तबीयत के कारण गंगाराम अस्पताल में भर्ती हुई थीं। हालांकि, तब जारी मेडिकल बुलेटिन में कहा गया था कि उनकी हालत स्थिर है और वे पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं। लोकसभा चुनाव करीब आने के कारण सोनिया गांधी इन दिनों राजनीति में काफी एक्टिव दिख रही हैं। हाल ही में मुबंई में आयोजित हुई विपक्षी नेताओं की बैठक में भी सोनिया गांधी शामिल हुई थीं। इससे पहले वे बंगलूरू में आयोजित विपक्षी एकता की बैठक में भी शामिल हुई थी।

## ऑल इज़ वेल... आदित्य आज अपनी कक्षा बदलेगा

**श्रीहरिकोटा , एजेंसी।**

इसरो ने कहा है कि उसका सूर्य मिशन आदित्य एल1 अपनी पहली कक्षा में बदलाव करेगा। इसरो ने दोपहर में पहली अर्थ बाउंड फायरिंग की। इससे पहले शनिवार को इसरो ने पीएसएलवी सी57 लॉन्च व्हीकल से आदित्य एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। यह लॉन्चिंग आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से हुई। यह मिशन भी चंद्रयान-3 की तरह पहले पृथ्वी की परिक्रमा करेगा और फिर यह तेजी से सूरज की दिशा में उड़ान भरेगा। इसरो ने बताया कि आदित्य एल1 ने पावर जेनरेट करना शुरू कर दिया है। अर्थ बाउंड मैनुवर्स की मदद से यह फायरिंग की जाएगी। इससे आदित्य



एल1 अपनी कक्षा बदलकर अगली कक्षा में प्रवेश करेगा। आदित्य एल1 पृथ्वी की कक्षा में 16 दिन बिताएगा। इस दौरान पांच बार इसकी कक्षा बदलने के लिए अर्थ बाउंड फायरिंग की जाएगी।

**मेट्रो एंकर**

### मध्यप्रदेश में बरसात नहीं होने से बेचैनी, टोटके के दौर शुरू

# गांव में मेंढक भ्रमण तो गधे पर उल्टे बैठे सरपंच

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मानसून की बेरुखी ने अब लोगों को परेशान कर रखा है। शहरी और ग्रामीण भी बारिश के लिये टोने टोटके, पूजा अर्चना का सहारा ले रहे हैं। दरअसल अगस्त का पूरा महीना ही सूखा बीत गया और अब सितंबर में अच्छी बारिश के लिए उम्मीद की जा रही है। रतलाम के पलसोड़ा में तो लोगों ने गांव के सरपंच लक्ष्मणजी मईडा को गधे पर उल्टा बैठाकर घुमाया। ग्रामीणों ने यह टोटका इंद्रदेव को मनाने के लिए किया। डेडक माता ( मेढक ) को भी गांव में भ्रमण करवाया। दूसरी तरफ अच्छा संकेत यह है कि मौसम विभाग ने मप्र में 4-5 सितंबर से मानसूनी सिस्टम फिर एक्टिव होने के आसार बताये हैं। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश हो सकती है।

हालांकि मानसून ब्रेक के चलते कई शहरों में पारा तेजी से बढ रहा है। ग्वालियर में लगातार पांचवें दिन पारा सबसे अधिक रहा। यहा 37 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान चल रहा है। जबकि भोपाल में तापमान 34 डिग्री के आसापास है। प्रदेश में सामान्य बारिश के आंकड़े में कमी आ रही है। अब तक सामान्य से 17 प्रतिशत कम बारिश हुई है। पूर्वी हिस्से में 14त्न और पश्चिमी हिस्से में 20 प्रतिशत कम बारिश हुई है। सबसे ज्यादा बारिश नरसिंहपुर में हुई है। यहां अब तक हुई बारिश का आंकड़ा 41 इंच से अधिक है। खरगोन, मंदसौर, बड़वानी, ग्वालियर में सबसे कम कम बारिश हुई है।



### बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवात

मौसम विभाग का कहना है कि रविवार को बंगाल की खाड़ी में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बनने जा रहा है। इससे मंगलवार को कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित होने और पांच सितंबर से प्रदेश में रुक-रुककर कर वर्षा होने का सिलसिला शुरू होने की संभावना है। रुक-रुककर बौछारें पड़ने का सिलसिला एक सप्ताह तक बना रह सकता है। अभी प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाली कोई



मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। इस वजह से वातावरण से नमी कम होने लगी है। मानसून द्रोणिका का पूर्वी एवं पश्चिमी दोनों छोर हिमालय की तलहटी में पहुंच गए हैं। इस वजह से मानसून ब्रेक की स्थिति बन गई है। इस वजह से तापमान लगातार बढ़ रहा है। पांच सितंबर को बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से प्रदेश में वर्षा का दौर शुरू होने की संभावना है।

## रिमन्थन का विमोचन



**भोपाल।** प्रदेश के जाने-माने साहित्यकारों में शुमार डॉक्टर रमाशंकर श्रीवास्तव की नवीन रचनाओं के संग्रह 'हरिमन्थन' का विमोचन किया गया। डॉक्टर श्रीवास्तव पूर्व में भी अलग-अलग विषयों पर समाज को कई ऐसे संग्रह दे चुके हैं, जिन्होंने साहित्य जगत एवं सुधि पाठकों पर अपनी अलग छाप छोड़ी है। श्रीवास्तव की नवीन पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपक तिवारी रहे। विशेष अतिथि ब्रजेश राजपूत और भोपाल के पूर्व सांसद-कवि आलोक संजर रहे। श्रीवास्तव ने अपने नवीन संग्रह को ईश्वर को समर्पित करते हुए सुधि पाठकों-समाज के प्रबुद्धजनों से आग्रह करते हुए कहा, 'सुधि पाठक उनके इस संग्रह को नाशवान मनुष्य के ईश्वर से साक्षात्कार एवं ईश्वर की खोज के प्रयास के रूप में देख सकते हैं।' कार्यक्रम का संचालन पंकज कुलश्रेष्ठ ने किया और आभार युवा साहित्याकार रंगोली श्रीवास्तव ने जताया। डॉक्टर श्रीवास्तव के बालसखा एवं परिवार के सदस्य मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ने भी पुस्तक की विषय वस्तु पर अपने उद्गार व्यक्त किये और उसे सराहा।

## अपेक्स बैंक अधिकारी एसोसिएशन के सर्वसम्मति से चुनाव सम्पन्न

**भोपाल ।** अपेक्स बैंक मुख्यालय भवन टी.टी.नगर की छठवीं मंजिल स्थित सभागार में बैंक अधिकारी एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें आर.एस.चंदेल, उप महाप्रबंधक के प्रस्ताव पर चुनाव अधिकारी विवेक मलिक, प्रबंधक ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सर्वश्री समीर कुमार सक्सेना को अध्यक्ष, अजय देवड़ा एवं अशोक व्यास को उपाध्यक्ष, अभय प्रधान को महासचिव, श्रीमती मयूरी परांजपे को कोषाध्यक्ष तथा आर.एस.चंदेल, के.टी.सज्जन, विवेक मलिक, अनिल शुक्ला, अनुराग शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया ।

## दुष्यंत कुमार अलंकरणों की घोषणा



**भोपाल ।** दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय द्वारा दुष्यंत कुमार जयंती के दूसरे दिन अपने प्रतिष्ठित अलंकरणों की घोषणा कर दी गई। इस अलंकरण से सुप्रसिद्ध आलोचक और दुष्यंत रचनावली के सम्पादक डॉ. विजय बहादुर सिंह सम्मानित होंगे। सुर साधना सम्मान से वरिष्ठ साहित्यकार एवं साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के पूर्व निदेशक डॉ.देवेंद्र दीपक को और आंचलिक भाषा सम्मान उदय सिंह 'अनुज' को निमाड़ी भाषा में उनकी सृजनात्मक उपलब्धियों हेतु दिया गया है। राजुरकर राज स्मृति अलंकरण से वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार राकेश पांडेय, नई दिल्ली को विभूषित किया जाएगा । इस अवसर पर संग्रहालय के 14 अन्य प्रतिष्ठित सम्मान भी घोषित किये गये। उपरोक्त सम्मानों की घोषणा संग्रहालय सभागार में संग्रहालय के संरक्षक और मशहूर रचनाकार मनोज मीक, सहित डॉ. विमल कुमार शर्मा, रामराव वामनकर, करुणा राजुरकर, विपिन बिहारी वाजपेई ने की। घोषणा के पूर्व वरिष्ठ पत्रकार राजेश बादल द्वारा निर्मित 'दुष्यंत कुमार' पर केंद्रित लघु-फिल्म का प्रदर्शन किया गया

### कुख्यात बदमाश जुबेर मौलाना के गुर्गों की देर रात की दुर्गा नगर में वारदात

# युवक पर फायरिंग, झुक कर बचाई जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित दुर्गा नगर में शनिवार दिन रात उस समय सनसनी फैल गई, जब बाइक से आए दो बदमाशों ने युवक पर फायर कर दिया। फायर होते ही युवक ने झुककर अपनी जान बचाई थी। फायर करने के बाद आरोपी वहां से भाग निकले। युवक ने घटना की शिकायत एमपी नगर पुलिस से की है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। फायर करने वाले बदमाश कुख्यात बदमाश जुबिन मौलाना के गुर्गे के बताए जा रहे हैं। पुलिस ने उक्त मामले में सलमान एमआईजी राजा और जुबेर मौलाना पर हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।एएसआई कुंवर सिंह ने बताया कि नफीस उर्फ अदालत पिता अब्दुल वसीर (38) दुर्गा नगर एमपी नगर में रहता है। उसका कबाड़े का व्यवसाय है। उसने पुलिस को बताया कि शनिवार रात करीब 11.30 बजे के आसपास वह घर के दरवाजे पर खड़ा था। इसी दौरान सलमान एमआईजी और राजा बाइक से पहुंचे थे। पहुंचते ही बाइक पर पीछे बैठे आरोपी ने फायर कर दिया। फायर होते ही नफीस झुक गया और गोली उसके ऊपर से निकल गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग निकले।



### जुबेर मौलाना से चल रही थी टसन

नफीस और अदालत ने पुलिस को बताया कि जुबेर मौलाना से उसकी पुरानी दुश्मनी है। इसी के चलते जुबेर मौलाना ने अपने गुर्गे सलमान एमआईजी और राजा को हत्या करने की नीयत से भेजा था। फायर होते ही नफीस झुक गया नहीं तो उसे गोली लग सकती थी। पुलिस ने उत्तम मामले में सलमान एमआईजी, राजा के अलावा जुबेर मौलाना पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने देर रात उनके ठिकानों पर दबिश दी थी लेकिन आरोपी नहीं मिले।

## नशे की हालत में हनुमानजी से लड़ने मंदिर पहुंचा बुजुर्ग किसान, पुलिस ने भेजा जेल

नजीराबाद इलाके में रहने वाला एक बुजुर्ग नशे की हालत में हनुमानजी से लड़ने के लिए मंदिर पहुंच गया। मंदिर में उपद्रव करने के साथ ही वह हनुमानजी को अपशब्द कहने लगा। पुजारी और गांव वालों ने जब उसे समझाने का प्रयास किया तो वह उनके साथ भी लड़ाई झगड़ा करने लगा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी सुनील कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि गजराज सिंह (61) ग्राम गढ़ाकला नजीराबाद में रहता है और खेती किसानी करता है। बारिश नहीं होने के कारण उसके खेत में लगी सोयाबीन की फसल बर्बाद हो रही है। पिछले दिनों उसने गांव के हनुमान मंदिर पहुंचकर बारिश के लिए प्रार्थना की और मन्नत मांगी थी। इसके बाद भी जब बारिश नहीं हुई तो गजराज शुक्रवार दोपहर नशे की हालत में मंदिर पहुंचा और हनुमानजी के सामने अपशब्द कहने लगा। वह हंगामा मचाने लगा तो मंदिर के पुजारी गज्जूनाथ ने उसे समझाने का प्रयास किया। सूचना मिलने के बाद परिजन पहुंचे और उसे किसी तरह घर ले जाने लगे तो वह उनके साथ भी लड़ाई-झगड़ा करने लगा। मंदिर को पुजारी ने मामले की सूचना नजीराबाद पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुजारी की रिपोर्ट पर बुजुर्ग के खिलाफ हनुमानजी की मूर्ति का अपमान करने और धार्मिक भावनाओं को भड़काने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया।

## बाथरूम में नहा रही भाभी से छेड़छाड़



**भोपाल।** खजूरी सड़क पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर उसके देवर के खिलाफ छेड़छाड़, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 38 वर्षीय महिला गृहणी है। शुक्रवार सुबह करीब ग्यारह बजे वह अपने घर के बाथरूम में नहा रही थी, तभी उसका देवर पहुंचा और बुरी नीयत से महिला का हाथ पकड़ लिया। महिला ने जब शोर मचाया तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। शाम को परिजनों के आने पर महिला ने घटना की जानकारी दी और फिर थाने पहुंचकर देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर एमपी नगर पुलिस ने 21 वर्षीय युवती की रिपोर्ट पर आरोपी आदित्य चौधरी के खिलाफ पीछा कर छेड़छाड़ और विरोध करने पर मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने शनिवार सुबह करीब दस बजे एमपी नगर जोन क्रमांक-2 में सरेराह युवती के साथ अश्लील हरकत की थी। उसके बाद पीड़िता ने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज करवा दी।

## होटल संचालक पर जानलेवा हमला करने वाले दो गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरागढ़ में होटल संचालक पर छुरी से प्राणघातक हमला करने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गोकुलधाम कैंपस बैरागढ़ में रहने वाले हीरालाल बाबाबी वानी (40) की पुरानी सब्जी मंडी के पास खाने की होटल है। गुरुवार रात तीन युवक उनकी होटल पर पहुंचे और भोजन पार्सल कराया। हीरालाल ने उन्हें चार सौ रुपये का बिल दिया। युवकों ने उन्हें सौ रुपये दिए और बोले कि बाकी रुपये बाद में ले लेना। इसको लेकर उनके बीच विवाद हुआ, लेकिन आसपास के लोगों ने मामले को शांत करवा दिया। उस वक्त तीनों युवक वहां से चले गए। रात करीब सा? ग्यारह बजे हीरालाल होटल बंद कर घर लौट रहे थे, तभी सिंधु समाज स्कूल के पास तीनों युवकों ने उन्हें रोक लिया और पेट और सीने में चाकुओं से वार कर दिए। थाना प्रभारी केएस रंधावा ने बताया कि आरोपियों में चंद्रप्रकाश पंजवानी उर्फ सिप्पी (27) निवासी डाक्टर ज्ञानचंदानी क्लीनिक के पास वनट्री हिल्स, जितेश वासवानी उर्फ लालू (29) निवासी बैंक ऑफ ब?ौदा के पास और हनी खुशलानी उर्फ हनी भू (26) शामिल हैं।

## गोविंदपुरा में तेज आवाज में गाना बजाने पर विवाद, महिला पर रॉड से जानलेवा हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गोविंदपुर थाना क्षेत्र में जय हिंद नगर में तेज आवाज में गाने बजाने को लेकर दोपहर में दो परिवार में विवाद हो गया। शाम को आरोपी पक्ष ने बहन और भाई पर रॉड से हमला कर दिया। बहन की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जय हिंद नगर का जितेंद्र प्रसाद अहिरवार (37) बीएचईएल में ठेकेदारी करता है। पड़ोस में दीपक गौतम रहता है। दीपक पर पूर्व में अपराध दर्ज हैं और वह थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल है। शनिवार दोपहर तेज आवाज में गाने बजा रहा था। जितेंद्र की बहन रेखा ने कहा कि घर में बुजुर्ग बीमार है। तेज आवाज में गाना बजाने से उनकी तबीयत बिगड़ रही है। बावजूद दीपक ने गाने की आवाज धीमी नहीं की।

### आरोपी-पीड़ित का शाम को विवाद

शाम को जितेंद्र पहुंचा तो रेखा ने बताया कि तेज आवाज में दीपक के घर गाने बज रहे थे। उसे बंद करने का कहा तो बदतमीजी करने लगा। जितेंद्र भी दीपक के घर पहुंचा और गाने धीमी आवाज में बजाने को कहा। आरोपी गाली देने लगा। जितेंद्र ने मना किया तो विवाद बढ़ गया। जितेंद्र की बहन रेखा भी पहुंच गई। दीपक ने भाई करण और मां कुसुम के साथ मिलकर जितेंद्र व रेखा से मारपीट की। इसी बीच दीपक ने रॉड रेखा के सिर में मारी। जितेंद्र ने रोका तो रॉड लगने से हाथ में चोट आई है। रेखा की हालत नाजुक है।

## 76वां वार्षिक निरंकारी संत समागम अक्टूबर में

**हिरदाराम नगर।** 76वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 28 से 30 अक्टूबर, 2023 तक समालखा के मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसमें माता



सुदीक्षाजी एवं निरंकारी राजपिता का सानिध्य प्राप्त होगा। समागम में देश, विदेश से लाखों की संख्या में निरंकारी अनुयायी शामिल होंगे। समागम का विषय 'सुकुन अंर्तमन का' है। दुनियाभरसे आए गीतकार, वक्तागण शुभभाव कविताओं, गीतों एवं विचारों को विभिन्न भाषाओं के प्रस्तुत करेंगे।

बता दे निरंकारी संत समागम की शुरूआत सन् 1948 में मिशन के दूसरे गुरू शहनशाह बाबा अवतार सिंहजी ने दिल्ली से की थी। इसके बाद बाबा गुरबचन सिंहजी, बाबा हरदेव सिंहजी ने समागमों के आयोजन किए। अब माता सुदीक्षाजी के सानिध्य में समागमों के आयोजन होते हैं। निरंकारी मिशन की लगभग 3,485 शाखाएं है।

### प्रेरणा सत्र: संतनगर में मोटिवेशनल स्पीकर ऋचा अनिरूद्ध का व्याख्यान

# सोशल मीडिया पर रहें, लेकिन आदी न बने

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सोशल मीडिया पर बच्चे अधिक समय बिता रहे हैं, वजह माता-पिता ने अपनी व्यस्तताओं के बीच बच्चे को मोबाइल थमा दिया। यह सही है सोशल मीडिया से बच्चों को दूर नहीं रखा जा सकता, लेकिन उसका आदी बनने से रोका जाना चाहिए। क्या देखना है, क्या नहीं देखना है, इसके लिए माता-पिता को बच्चों को जागरूक कराना होगा।

यह विचार प्रेरणा सत्र में प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर ऋचा अनिरुद्ध ने रखे। वे शनिवार को संत हिरदाराम नगर के ऑडिटोरियम में अपनी बात रख रही थीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल हुईं। ऋचा ने कहा कि मन में निराशा का भाव ना आने दे। कोई क्या कहेगा, इसकी परवाह नहीं करना चाहिए। सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। किसी के कुछ कहने से कभी निराशा का भाव न आने दें, इससे प्रगति की राह बाधित होती है। कुछ भी करने से पहले खुद से पूछे आपको यह करना चाहिए या नहीं। ऐसा करने से सफलता की राह आसान होगी।





### अपनी ताकत पहचाने लड़कियां

लड़कियों को अपनी ताकत पहचाननी चाहिए। वे किसी भी क्षेत्र में ल?कों से कम नहीं हैं। हर सेक्टर में छात्राओं ने खुद को साबित किया है। हम किसी से कम नहीं का भाव लड़कियों में होना चाहिए। आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां, लड़कियां अपना दखल न रखती हों।

**संतनगर में परिवार सा लगता है:** संतनगर में आने पर ऋचा ने कहा, यहां अपने परिवार जैसा लगता है। आत्मीयता का भाव अपनेपन का अहसास कराता है। साल 2013 में तो मैं दो बार संतनगर आई थी। यहां की सेवा भावना संतनगर को पहचान देने वाली है।

**यह रहे मौजूद:** कार्यक्रम में जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी, शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, लक्ष्मीदेवी विक्योमल सर्राफ एज्युकेशन सोसायटी सचिव रमेश हिंगारानी, नवयुवक परिषद के थावरचंद बरलानी व घनश्याम बूलचंदानी समेत बड़ी संख्या में छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति की गई।

## टीचर्स डे : टैलेंट शो, हर आयु के प्रतिभागी ले सकेंगे भाग

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

शिक्षक दिवस पर पांच सितंबर को महाराणा प्रताप नगर में टैलेंट हंट शो का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी वर्ग के लोग सिंगिंग, एक्टिंग, डांसिंग, मॉडलिंग, फैशन शो, मिमिक्री, पोएट्री, बीटबॉक्सिंग, स्टंट मंच पर दिखा सकेंगे।

टैलेंट हंट शो के बारे में जानकारी देते हुये आयोजक आनंद सबधाणी ने बताया कि 5 सितंबर टीचर्स डे के दिन सुबह 11 बजे 114, सिटी हॉस्पिटल के पास, जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल में बचपन से 55 तक सभी ऐज ग्रुप के लोगों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस टैलेंट हंट प्रोग्राम में निःशुल्क रजिस्टर करवाने के लिये अपना नाम, मोबाइल नंबर, परफॉरमेंस, फोटो 90981-39867 नंबर पर व्हाट्सएप करना होंगे।

## श्रीकृष्ण जन्मष्टमी पर सजेगी भव्य झांकी

**हिरदारााराम नगर।** नवयुवक सभा भवन में होने वाले श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को अंतिम रूप दे दिया गया है। सात सितंबर को जन्माष्टमी उत्सव शाम सात बजे शुरू होगा। भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक झांकी एवं रंगोली का अनावरण, पूजा-पाठ एवं भव्य महाआरती होगी। महाआरती रात 12 बजे होगी। झांकी आठ सितंबर को भी शाम सात बजे से रात 11 बजे तक खुली रहेगी।

## 200 श्रीगणेश प्रतिमाएं निःशुल्क दी जाएंगी

**हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना समिति 19 सितम्बर को गणेश चतुर्थी पर घर-घर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना करेगी। समिति कमलेश देवानी ने बताया किया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में गणेश साधना के लिए निःशुल्क प्रतिमाएं दी जाएंगी। समिति 200 श्रद्धालुओं को प्रतिमाएं देगी। प्रतिमाएं 10 से 18 सितंबर तक दी जाएंगी। इसके लिए समिति के पदाधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।

## गोवंश की सुरक्षा के लिए लगाए जा रहे रिफ्लेक्टर

**हिरदाराम नगर।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के जिला सह गो रक्षा प्रमुख संतोष यादव गो वंश सुरक्षा अभियान चला रहे हैं। गायों को एक्सीडेंट से बचाने के लिए रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं। अभियान में फंदा टोल प्लाजा 11 मिल रोड हाईवे पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। अभियान में इसमें बजरंग दल के जिला मंत्री भूपेंद्र सिंह गुर्जर, सह संयोजक गजेंद्र मेवाड़ा, बल उपासना प्रमुख दयाराम मेर, सुरक्षा प्रमुख राजेश ठाकुर, प्रखंड मंत्री युवराज मीणा, धर्म प्रचार प्रमुख धर्मेंद्र बघेल, जनपद अध्यक्ष फंदा ब्लॉक प्रमोद सिंह राजपूत ने रिफ्लेक्टर लगाए।

**मेट्रो एंकर**

### सात स्थानों पर हुए आयोजन, हजारों बहनों ने बांधे रक्षा सूत्र

# हुजूर में 'रक्षा बंधन कार्यक्रम' पहले दिन हजारों बहनों ने रामेश्वर को बांधी राखी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

हुजूर विधानसभा रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। दो से 10 सितंबर तक चलने वाले कार्यकमों के पहले दिन शनिवार को हुजूर के सागर पब्लिक स्कूल गांधीनगर, श्रद्धा मैरिज गार्डन सीटीओ, सामुदायिक भवन टीलाखडी, राधा री ढाणी फंदा, सोसाइटी शेड तूमड़ा, दशहरा मैदान संतनगर सहित जोन - 20 के जोनल कार्यालय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन स्थानों पर विधायक रामेश्वर शर्मा को राखी बांधने के लिए हजारों की संख्या में बहनें एकत्रित हुई। सातों स्थानों पर हजारों बहनों ने विधायक रामेश्वर शर्मा को राखी बांधी। इस दौरान विधायक शर्मा ने हर स्थान पर बहनों से संवाद भी किया।

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि - आज मेरा हृदय प्रफुल्लित है। आज मुझे जगह-जगह पर



हजारों बहनों का आशीर्वाद मिल रहा है। यह मेरे जीवन की अमूल्य निधि है। विभिन्न स्थानों पर बहनें केवल मुझे राखी नहीं बांध रही, बल्कि वह मुझे सामर्थ्यवान बना रही हैं। ताकि मैं अपनी बहनों से किया वादा पूरा कर सकूं। मैंने संकल्प लिया था कि मैं हर-क्षण हर पल अपने क्षेत्र की बहनों के लिये जुटा रहूँगा। और जब मैं इतनी संख्या में बहनों का आशीर्वाद प्राप्त कर रहा हूँ तो मुझे लगता है कि मैंने अपना संकल्प निभाया है।

### आज यहां आयोजन

03 सितंबर रविवार को इंडोर स्टेडियम, बंजारी संस्कार उपवन, जेके हॉस्पिटल ऑडिटोरियम, सेज इंटरनेशनल स्कूल, महालक्ष्मी वेयरहाउस, कजलीखेड़ा चौकी के पास, वेयरहाउस पजामा रोड, सुरैयानगर और आमेर मजेस्टिक, 11 मील पर रक्षा बंधन कार्यक्रम होंगे।

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान इटारसी में दो और सिवनी मालवा में एक दीन दयाल रसोई की मिली सौगात

# विधायक डॉ. सीतासरन, नपाध्यक्ष चौरे ने की भोजन योजना की शुरुआत

# नपा में आवासीय भूमि के दिए पट्टे

**इटारसी में दीन दयाल रसोई का शुभारंभ शनिवार को मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने किया। दीन दयाल रसोई शहरी आजीविका केंद्र सिटी थाने के साइड में संचालित हो रही है। यहां 5 रुपये में भरपेट भोजन गरीब मजदूर भाईयों व बहनों को मिलेगा। वहीं, सिवनी मालवा नगर पालिका द्वारा दीनदयाल रसोई योजना के तृतीय चरण में दीनदयाल रसोई का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्र के आवासीय भूमि के पट्टों के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

दीन दयाल रसोई का शुभारंभ शनिवार को मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने किया। यहां 5 रुपये में भरपेट भोजन गरीब मजदूर भाईयों व बहनों को मिलेगा। शुभारंभ अवसर पर भोजन निशुल्क प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सीएमओ रितु मेहरा, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, एमजीएम कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता भरत वर्मा, पार्षद अमित विश्वास, जिमी कैथवास, कुंदन गौर, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, नरेश मेघानी, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया, भाजपा मंडल पुरानी इटारसी अध्यक्ष मयंक मेहतो, मंडल भाजपा मंडल महामंत्री राहुल चौरे, भाजयुमो मंडल पुरानी इटारसी अध्?यक्ष सौरभ चौधरी, गौरव बडकुर, रिषभ चौहान, नितिन व्यास, भाजयुमो जिला मंत्री गोपाल शर्मा, मंडल उपाध्?यक्ष भाजपा अभिनव शर्मा, विनोद लोंगरे, रुपेश शर्मा, एनयूएलएम प्रभारी राजेश शर्मा, नपा कार्यालय अधीक्षक संजय सोहनी, खाटू श्?याम रसोई से शालनी यादव, नितिन वर्मा, विक्रम भाट सहित अन्य मौजूद रहे।

भाजपा के पितृपुरुष पंडित दीनदयाल जी के नाम से इस योजना का शुभारंभ 2017 में मप्र में हुआ था। अभी तृतीय चरण में इसका विस्?तार किया गया है और इटारसी सहित 66 नगरपालिकाओं में इसका शुभारंभ किया गया है।

### 5 रुपए में भरपेट भोजन

विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि दीन दयाल रसोई में 5 रुपये में भोजन मिलेगा। आज 66 नगरपालिका में यह रसोई प्रारंभ हो रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रारंभ की गई यह योजना गरीब मजदूर साथियों के लिए मददगार साबित होगी। शर्मा ने कहा कि अभी तक यह दीन दयाल रसोई जहां चल रही थी, वहां 10 रुपये में भोजन मिलता था, लेकिन इसमें कमी करते हुए अब 5 रुपये में भोजन की व्यवस्था की गई है।

**योजना एक नजर में**

- 5 रुपये में मिलेगा भरपेट भोजन
- शहरी आजीविका केंद्र थाने के साइड में भोजन
- दीन दयाल रसोई नाम से शुरु हुई योजना
- सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक मिलेगा भोजन
- करीब 250 गरीब, मजदूर भाईयों, बहनों को रोजाना मिलेगा योजना का लाभ

### नगरपालिका अध्यक्ष ने रसोई में परोसा भोजन

सिटी थाने के साइड में शहरी आजीविका केंद्र परिसर में प्रारंभ इस दीन दयाल रसोई में मजदूर साथियों को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने भोजन परोसा। पहले दिन भोजन में यहां छोले की सब्जी, कढी, चावल व रोटी बनाई गई थी। सीएमओ रितु मेहरा सहित अन्य पार्षद व जनप्रतिनिधियों ने भी भोजन परोसा।

### मुख्यमंत्री का भाषण सुना

कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भोपाल से सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ था। यहां पर टीवी स्क्रीन पर सभी ने कार्यक्रम देखा व सुना। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की 20 नगरपरिषद जिनकी जनसंख्या 20 हजार से अधिक हैं उनमें भी दीन दयाल रसोई योजना प्रारंभ करने की घोषणा की।

### सिवनी मालवा में भोजन के साथ पट्टे भी दिए



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नगर पालिका द्वारा दीनदयाल रसोई योजना के तृतीय चरण का शुभारंभ एवं नगरी क्षेत्र के आवासीय भूमि के पट्टो के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाइव प्रसारण के माध्यम से एमपी में 166 दीनदयाल रसोई का शुभारंभ एवं पट्टो का वितरण संपूर्ण मध्य प्रदेश में कराया गया जिसमें विधायक प्रेम शंकर वर्मा,नपा अध्यक्ष रितेश जैन द्वारा सिवनी मालवा क्षेत्र में 1 दीनदयाल रसोई का शुभारंभ किया गया जिसमें 5 रुपए में दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत भरपेट भोजन उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके अलावा नगरीय क्षेत्र के आवासीय भूमि के पट्टो का वितरण भी कराया गया। नपा अध्यक्ष रितेश जैन ने बताया की सिवनी मालवा के नागरिकों को आज एक ओर सौगात मिली है जिसमे दीनदयाल रसोई योजना 5 रुपए थाली खाना का शुभारंभ एवं आवासीय भूमि के पट्टो के वितरण का कार्य करवाया गया साथ ही सभी को बधाई दी गई।

इस दौरान विधायक प्रेम शंकर वर्मा, नपा अध्यक्ष रितेश जैन,मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी, दिशा समिति सदस्य रघुवीर सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र मिश्रा,पार्षद अखिलेश खेमचंद चौकसे, सरिता प्रदीप अग्रवाल,प्रशांत यादव, ईश्वरदास जमीदार,किरण शिव राठौर,दीपक वाथव, मुख्य लिपिक संजय गोयल, उपयंत्री चंद्रकांत कवर, राजस्व उपरीक्षक अमर सिंह उईके,स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा,संतोष चौहान, राजेंद्र पाठक,कमलेश लोवंशी के साथ-साथ सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली गई रैली



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

शिक्षा सभी का जन्म सिद्ध अधिकार है। देश व्यक्ति एवं समाज का विकास तभी संभव है जब देश का प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित होगा। शिक्षा न केवल व्यक्ति की शिक्षित करती है बल्कि उसके अधिकारों एवं कर्तयों को और भी जागृत करती है। शिक्षा के महत्व को प्रदर्शित कर 8 सितम्बर को अन्तराष्ट्रीय साक्षरता दिवसमनाया जाता है।

जन जागृति हेतु उल्लास-नव भारत साक्षरता की जिले एवं विकासखंड स्तर की रैली का आयोजन श. क.उ. मा. वि., एस. एन. जी. उ.मा. वि एवं सेठानी पुत्री बाई स्कूल नाम के बच्चों द्वारा शहर के विभिन्न मार्गो में आयोजित की गई। रैली में विकासरखण्ड स्त्रोत समन्वयक नर्मदापुरम आनंद शर्मा, सह समन्वयक साक्षरता संजीव द्विवेदी, विकास खण्ड यह सह समन्वयक रामकृष्ण पुरोहित जनशिक्षक, संतोष तनेजा, जिला ब्रांड एम्बेसेडर मंयक तोमर, स्कूल शिक्षक नीलम कुलश्रेष्ठ भावना ठाकुर, प्रेम सारस्वत सीमा परसाई, श्रीमति जी तिर्की, करुणा शुक्ला, रंजना चौहान एवं स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## नर्मदापुरम में संस्कृत सप्ताह अंतर्गत हुईं जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान तथा संस्कृत भारती नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय एसएनजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम् में जिला स्तरीय श्लोक गायन प्रतियोगिता तथा संस्कृत गीत गायन प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसी के साथ संस्कृत सप्ताह का समापन कार्यक्रम भी हुआ।

कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुंजय प्रताप सिंह बिसेन की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ हुआ।अतिथि के रूप में संस्कृतभारती मध्यभारतम् के प्रान्त संगठन मंत्री जागेश्वर पटले , संस्कृत कवि नित्यगोपाल कटारे , संस्कृतभारती नर्मदापुरम् के विभाग संयोजक संतोष व्यास एवं विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती ज्योति अरोरा तथा राष्ट्पति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक नर्मदाप्रसाद मुद्गल उपस्थित रहे। बिसेन ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संस्कृत का महत्व बताते हुए कहा कि हम केवल संस्कृत को भाषा के रूप में नहीं, बल्कि संस्कृति एवं शोध की दृष्टि से भी पढ़ें। श्री कटारे ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थी संस्कृत पढ़ कर कर वैज्ञानिक क्षेत्रों में भी शोध कर अपना योगदान दे सकते हैं । प्राचार्य ज्योति अरोरा ने कहा कि सभी भारतवासियों को संस्कृत को अंगीकृत करना चाहिए। व्यास ने विद्यार्थियों को संस्कृत को मातृभाषा बनाने पर जोर देते हुए कहा कि, आज संकल्प का दिन है , कि हम संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं अध्ययन के लिए भरसक प्रयास करेंगे। संस्कृतभारती नर्मदापुरम् के जिला अध्यक्ष सुधांशु शेखर मिश्र ने कार्यक्रम के प्रारूप एवं समायोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। मंच संचालन दुर्गेशनंदन व्यास एवं अरुण कुमार दुबे ने किया।

धन्यवाद ज्ञापन एस एन चौरे द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में जिन प्रतिभागियों ने उत्तम प्रदर्शन किया पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र एवं संस्कृतभारती द्वारा संस्कृत पुस्तकें भेंट की गईं।

## मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने के आवेदनों का शीघ्र निराकरण करें : कलेक्टर



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं अन्य समसामयिक विषयों की विस्तार समीक्षा की। कलेक्टर ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत प्राप्त मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के आवेदनों के निराकरण की विधानसभावार समीक्षा सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में तहसीलवार खरीफ फसलों की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम तहसीलदारों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को किसानों से संबंधित समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर**

### इंद्र देवता की बेरुखी बनी किसानों के लिए मुसीबत

# सूखने की कगार पर पहुंचीं फसलें



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

इलाके में इन दिनों धान,मक्का,अरहर,सोयाबीन, तीली सहित अन्य फसले किसानों द्वारा खेतों में लगाई गई है। लेकिन पिछले 15 से 20 दिन से इंद्रदेव की बेरुखी और बढ़ते हुए तापमान के कारण बारिश नहीं हुई। जिससे आज फसलों की स्थिति आती दयानी है।

इस बात को लेकर किसान संघ द्वारा समय-समय पर नहरे में पानी छोड़ने के लिए ज्ञापन भी दिया गया। यही नहीं इंद्रदेव को मनाने के लिए जगह-जगह यज्ञ हवन और आहुति भी छोड़ी जा रही है कल हमने सिवनी मालवा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम लोखरतलाई,सांठई, घानाघाट, बांकाबेडी, फरीदपुर, नवल गांव, तीनसिया, रावन पीपल, बासनीय कला, अमलाडा डोंगर का दौरा किया तो वहां के किसानों का कहना है कि अगर पानी नहीं आया तो हम लोग बर्बाद हो जाएंगे हमने पुरी मूंग और गेहूं की पूरी पूंजी हमने इस खरीब की फसल में लगा दी है। ग्राम अंबलाडा कला में बारिश करवाने के लिए महिलाओं का एक प्रतिनिधिमंडल मंदिर में राम सत्ता का आयोजन किया जा रहा था तो वहीं दूसरी ओर किसान नेता संतोष पटवारे और उनके साथियों द्वारा भिलट बाबा से बारिश के लिए ग्राम फरीदपुर से भिलट देव स्थान पर आज सुबह बाबा के दरबार में रूठे हुए इंद्र देवता को मनाने के लिए फरियाद करेंगे। वही ग्राम पंचायत बावडीया भाऊ में जल देवता इंद्र भगवान को प्रसन्न करने के लिए ग्राम वासियों द्वारा खीर के द्वारा आहुतियां दी जा रही है यज्ञ किया जा रहा है रामायण की प्रत्येक चौपाई पर आहुतियां छोड़ी जा रही है। ऐसा मानना है कि अहुतियों से जल देवता और इंद्र देवता प्रसन्न होते हैं। ग्रामीणों की आस्था और उनके विश्वास को देखते हुए सभी ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग ले रहे है। गौ माता के शुद्ध दूध की बनी हुई खीर से आहुतियां आहुतियां प्रदान की जा रही है।

### तवा बांध से छोड़ा पानी

नर्मदा पुरम और हरदा जिले के किसानों के लिए हरित क्रांति लाने वाले तवा डैम का ही सहारा किसानों को बचा हुआ था। जिसके लिए किसानों द्वारा समय-समय पर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपे गए इस ज्ञापन के माध्यम से सूखती हुई फसलों को बचाने का गुहार लगाई गई। किसानो की इन ज्वलंत समस्या को कलेक्टर ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया और किसानों के हित में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशन पर आज दोपहर में तबाबांध से पानी छोड़ा गया। उन्होंने कार्यपालन यंत्री तवा परियोजना वीके जैन को निर्देशित किया गया।श्री जैन ने बताया कि प्राथमिक तौर पर तवा की वाई तट से 1000 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा जिसे किसानो की मांग पर और भी बढ़ाया जा सकता है।






### सिरोंज में ठेकेदार ने फिर दिखाया ठेंगा, समय पर काम नहीं करने पर टेंडर होगा निरस्त

# विधायक, अधिकारियों के निरीक्षण के बाद से ही सड़क निर्माण कार्य बंद



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

**सीएम के गृह जिले में लापरवाही से कम करने वाले ठेकेदार पर लगाम लगाने का काम भी कलेक्टर से लेकर सीएम और नगरी प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव से भी शिकायत हो चुकी है फिर भी ठेकेदार ने सड़क का निर्माण कार्य तेज गति से करने की जगह बस में बंद कर दिया है ।वहीं जब से अधिकारियों के साथ विधायक के सड़क का निरीक्षण किया है। उसके बाद से ही ठेकेदार ने सड़क के काम को बंद करके ठेंगा दिखाने का काम जरूर कर दिया है।**

वहीं कायाकल्प योजना के तहत नगर कि सड़क की तस्वीर बदलने के लिए 3 महीने पहले विधायक उमाकांत शर्मा ने लिंक रोड की सड़क के चौड़ीकरण की आधारशिला रखी थी सड़क तो नहीं बनी पर आसपास के दुकानदारों से लेकर रह वासियों से लेकर इस मार्ग से आने जाने वाले वाहन चालकों को जरूर प्रतिदिन मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के लोगों की शिकायत के बाद विधायक ने एसडीएम हर्षल चौधरी, नगर पालिका प्रशासन के आल्हा अधिकारियों आदि के साथ पिछले दिनों सड़क का जायजा लेने के लिए पहुंचे तो उन्होंने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए सड़क की उच्च स्तरीय जांच के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से लेकर नगरी प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव ,कलेक्टर, एसडीएम आदि से शिकायत भी की थी ओर समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण सड़क नहीं बनाने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई के लिए भी बोला था उसके अगले दिन से ही सड़क के निर्माण कार्य को तेज गति से गुणवत्ता पूर्ण करने कि जगह पर बंद कर दिया है सड़क का काम चल रहा है ।

विधायक ने अधिकारियों को जल्दी ही निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ करवाने के निर्देश दिए थे। 8 से ज्यादा दिन बीत चुका है कम बंद पड़ा हुआ है। सड़क का काम 2 महीने में पूर्ण हो जाना चाहिए था और सड़क का काम अभी तक नहीं हो पाया जिस रफ्तार से सड़क बनाने का काम किया जा रहा है उसे स्तर से कम किया तो 2 साल में ही सड़क का कार्य हो पाएगा ऐसी स्थिति में वाहन चालकों से लेकर यहां रहने वाले रहवासियों , व्यापारियों को जरूर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हैरानी की बात तो है कि ठेकेदार पर अंकुश लगाने कार्य आल अधिकारी नहीं कर पा रहे हैं। अधिकारियों से शिकायत हो चुकी है फिर भी सड़क का निर्माण कार्य तेज गति से क्यों नहीं हो पा रहा है ऐसा लगता है कि ठेकेदार जानबूझकर उक्त निर्माण कार्य को नहीं करना चाह रहा है , शिकवा शिकायतों के बाद दो-तीन दिन के लिए निर्माण कार्य ठेकेदार ने किया था जैसे ही अधिकारी और विधायक ने सड़क का निरीक्षण किया तो उसके अगले दिन से ही सड़क के निर्माण का काम पूरी तरह से बंद पड़ा हुआ है।

### समय सीमा में काम पर कार्रवाई की दी चेतावनी

नगर पालिका प्रशासन के द्वारा समय सीमा में कायाकल्प योजना के तहत सड़क के चौड़ीकरण की टेंडर में दी गई अवधि में सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने पर संबंधित ठेकेदार पर टेंडर निरस्त करने से लेकर ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई भी प्रस्तावित की जा सकती है। अब देखना है कि नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी मनमर्जी से कम करने वाले ठेकेदार पर ब्लैक लिस्ट और टेंडर निरस्त करने की कार्रवाई करके दूसरे ठेकेदार से सड़क का निर्माण कार्य करवा पाएंगे या फिर इसी तरह निर्माण की धीमी गति से कछुआ चाल को भी मात देकर ठेकेदार काम करता रहेगा।

### हालात से नीयत पर सवाल

हैरान की बात तो है कि सीएमगृह जिले में भी इतनी लापरवाही से कम किया जा रहा है। ऐसे ठेकेदारों पर ब्लैक लिस्ट से लेकर टेंडर निरस्त करने की कार्रवाई भी अधिकारी नहीं कर पा रहे हैं। अधिकारियों से लेकर जन प्रतिनिधि लापरवाही से काम करने वाले ठेकेदार पर अंकुश लगाने की मांग कर चुके हैं ।फिर ऐसे ठेकेदार पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है ,जिसके द्वारा आम जनता को परेशान करने का काम किया जा रहा है। जब सीएम के गृह जिले में इतनी लापरवाही से कम हो रहा है तो प्रदेश में अन्य जगह क्या हालात होंगे इस बात का अंदाजा भी लगाया जा सकता है । वैसे कायाकल्प योजना से कायाकल्प करने के लिए सीएम ने योजना बनाई है उसे योजना को भी पलीता लगाने का काम कई अधिकारी और ठेकेदार खुलेआम कर रहे हैं

#### इनका कहना है

*बहुत ही धीमी गति से निर्माण कार्य होने से हमें और इस मार्ग से आने जाने वाले लोगों को दिक्कत हो रही हमारा व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।*

**- अनिल श्रीवास्तव, व्यापारी।**

*कायाकल्प योजना के तहत सड़क निर्माण के लिए जो समय सीमा निर्धारित की गई है उसके अंदर काम नहीं करने पर हम ठेकेदार का टेंडर निरस्त करके ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई भी करेंगे।*

**- बालमुकुंद कुशवाहा, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सिरोंज।**

*मुझे पता नहीं है कि सड़क का काम ठेकेदार नहीं कर रहा है यदि ऐसा है तो निर्माण प्रारंभ करवाएंगे ।*

**- हर्षल चौधरी, एसडीएम।**

# शिव का जाप करने से होगी शिवलोक की प्राप्ति : पं. दिनेश

### घटवार में शिव महापुराण की कथा प्रारंभ




सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

ग्राम घटवार में शनिवार से शिव महापुराण कथा का आयोजन ग्राम के सभी लोगों के सहयोग से हो रहा है । जिसका वाचन करते हुए पंडित दिनेश शास्त्री ने कहा कि मनुष्यों को भवसागर से पार करने के लिए राम नाम नोक की आवश्यकता है ठीक उसी प्रकार शिव में बनने के लिए शिव महापुराण की कथा श्रवण करना अति आवश्यक है। कथा श्रवण करने से मनुष्य नहीं रहता अपितु वह रूद्र ही हो जाता है, कथा को सुनने से व्यक्ति को शांति एवं आरोग्यता की प्राप्ति होती है एवं देवराज का करते हुए बताया कि अंत समय अगर मनुष्य एक वार ओम नमः शिवाय जब करता है तो उसको शिवलोक की प्राप्ति होती है। विस्तार से उन्होंने कई प्रसंगों से श्रोताओं को रसपान कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।

# सीहोर जिला जेल में हुआ दो दिवसीय गायत्री महायज्ञ

### दीक्षा एवं सद्साहित्य स्थापना कार्यक्रम




सीहोर, दोपहर मेट्रो।

गायत्री परिवार द्वारा बंदी साधना अभियान के अंतर्गत रक्षाबंधन के अवसर पर दो दिवसीय गायत्री महायज्ञ, दीक्षा एवं सद्साहित्य स्थापना कार्यक्रम जिला जेल में किया गया।

रक्षाबंधन पर्व एवं दीपयज्ञ तथा गुरुवार को नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, गायत्री मंत्र दीक्षा एवं युग साहित्य स्थापना का कार्यक्रम हुआ। बंदी साधना अभियान संयोजक प्रेम लाल कुशवाहा ने बताया 01वर्ष पूर्व गायत्री परिवार द्वारा जेल परिसर में गायत्री मंत्र लेखन का अभियान शुरू किया था। इन्हीं बंदियों में से चयनित बंदियों को एक माह का युग पुरोहित प्रशिक्षण देकर कर्मकांड, यज्ञ आदि करना सिखाया गया।

इस मौके पर जेल में मिशन के सद्साहित्य की स्थापना की गई। इस दौरान जेल अधीक्षक ज्योति तिवारी, गायत्री परिजन भागवत प्रसाद मल्होत्रा, अमृत सिंह गौड़, हरी नारायण पाटीदार, सुशील कुमार जैन मौजूद रहे।

# बारिश के लिए विशेष नमाज, रो-रो कर नमाजियों ने की दुआ



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

क्षेत्र में इन दोनों बारिश नहीं होने के कारण डेम तालाब खाली है और फसलें भी खराब हो रही हैं बारिश को लेकर हर वर्ग इस समय चिंता में है तेज धूप और उमस से लोगों का बुरा हाल है सभी लोग आसमान की ओर टिक टिक्की लगाए बारिश की कामना कर रहे हैं वही सुबह मुस्लिम समाज ने इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार ईदगाह पहुंचकर बारिश के लिए विशेष नमाज अदा की इस दौरान हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाह पहुंचे और देर तक बारिश के लिए रो-रो कर खुदा से दुआ मांगी जामा मस्जिद के इमाम हाफिज नूरुद्दीन साहब ने बताया कि इस्लाम धर्म में बताया गया है कि बारिश न होने की सूरत में शहर से बाहर जाकर यह नमाज पढ़ी जाती है और अच्छी बारिश के लिए दुआ की जाती है इस नमाज में लगभग 6000 से अधिक लोगों ने शिरकत की नमाज से पूर्व इस्लामी विद्वान मुफ्ती हफीज़ अहमद क़ासमी साहब ने बयान करते हुए कहा कि हमें अपने गुनाहों की माफी मांगना चाहिए और हर वह कम से बचना चाहिए जिससे खुदा नाराज हो अगर खुदा नाराज होता है तो फिर संसार में परिवर्तन दिखने लगते हैं जैसे बारिश का ना होना आदि यही वजह है कि उक्त नमाज के बाद देर तक दुआ हुई माही अगर आज बारिश नहीं होती है तो कल भी यह नमाज पढ़ी जाएगी और यह सिलसिला 3 दिन तक जारी रहेगा।



# किन्नरों ने निकाला कजलिया चल समारोह



**सिरोंज।** प्रतिवर्ष किन्नर समाज जनों के द्वारा रक्षाबंधन के दूसरे दिन चल समारोह को आयोजन किया जाता है। जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से किन्नर समाजजन पूरी तरह से सज धज कर शामिल होते हैं ।सर पर कजरियों को धारण करके जुलूस को प्रारंभ किया गया डीजे की धुन पर बज रहे गानों पर जमकर किन्नर समाजजन डांस करते हुए चल रहे थे। जिसको देखने के लिए नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए दोपहर 1 बजे से छतरी नाके से इनका चल समारोह प्रारंभ हुआ जो कि शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए मनसा पूर्ण मंदिर के पास पहुंचकर संपन्न हुआ भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन के द्वारा भी सुरक्षा के पुख्ता इजाम किए गए थे।

**मेट्रो एंकर** दीनदयाल रसोई शुरू, 37 परिवारों को मिले पट्टे

# पांच रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विधानसभा चुनाव आते ही हर वर्ग को साधने के लिए प्रदेश सरकार कर हर दिन किसी न किसी नई योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वर्चुअली रूप से दीनदयाल रसोई योजना का आरंभ किया इस योजना के तहत गरीब वर्ग के लोगों को ?5 में भरपेट भोजन की व्यवस्था नगर पालिका परिषद के द्वारा नवीन बस स्टैंड पर प्रारंभ की गई ।

पाँच रुपए के टोकन पर प्रतिदिन प्रातः दस बजे से दोपहर तीन बजे तक भरपेट भोजन मीनू के अनुसार दिया जाएगा। जिसके लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राकेश जादौन ने कहा कि प्रदेश के संविधान सेल मुख्यमंत्री हर वर्ग की जनता कर रहे हैं उसी का परिणाम है कि आए 5 रुपए में गरीब वर्ग के लोगों को भोजन की लिए दीनदयाल रसोई योजना प्रारंभ की गई इसका लाभ सभी को मिलेगा साथी जिनके पास स्वयं के पत्ते नहीं है उनको मलिक आना हक देने का काम भी मुख्यमंत्री ने किया है 37 परिवारों को पट्टों का वितरण भी किया। विधायक प्रतिनिधि रमेश यादव ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सभी की चिंता करते हुए विकास कार्य कर रहे हैं। वहीं पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा से लेकर विधायक उमाकांत शर्मा विकास हमेशा सिरोंज लटेरी क्षेत्र का स्वर्णिम विकास के लिए तत्पर होकर काम कर रहे हैं। वहीं मंडल अध्यक्ष पारस तरण, मंडल महामंत्री सुमंत मित्तल, ने भी अपने विचार व्यक्त किए वहीं भूमिका वक्तव्य प्रभारी मुख्य नगर अधिकारी बालमुकुंद कुशवाहा ने देते हुए योजना के बारे में बताया। दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोजसाईनाथ, पार्षद सचिन शर्मा, हरिचरण चरण अहिरवार आदि मौजूद थे।

Life&Style



# जलवायु परिवर्तन इंसान का जीवन छीन रहा, धरती का तापमान भी बढ़ा

क्लाइमेट चेंज का असर हमारी उम्र पर भी हो रहा है। एक सदी पहले लोग लंबा जीवन जीते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। रिसर्चर्स का कहना है कि जलवायु परिवर्तन इंसान का जीवन छीन रहा है। इसकी एक वजह जानवर या जीव-जंतु हैं। ये कोई हैरानी की बात नहीं है। दरअसल, हमने देखा है कि नैचुरल गैस के एमिशन से वातावरण में कार्बन डायऑक्साइड बढ़ रहा है। इससे ग्लोबल टेम्प्रेचर में तेजी से बदलाव आ रहा है। पृथ्वी गर्म होती जा रही है। लेकिन अब जानवरों भी क्लाइमेट चेंज का कारण बनते जा रहे हैं। इंसानों ने डेवलपमेंट के नाम पर जंगलों को काटकर यहां घर और इंडस्ट्रीज बना लीं। इस कारण हमारा जानवरों, मच्छरों, बैक्टीरिया, फंगस से संपर्क बढ़ गया है। दूसरी तरफ ये सभी जीव-जंतु खुद को बदलती क्लाइमेट कंडिशन्स के अनुकूल बना रहे हैं और हमारे वातावरण में ही रह रहे हैं। इनसे कई बीमारियां फैल रही हैं, जो हमारे जीवन के लिए खतरनाक हैं।

**बीमारियों से डायरेक्ट कॉन्टैक्ट बढ़ रहा :** इंसान अपने जीवन के लिए कई जीवों पर निर्भर करते हैं। वो सर्वाइवल के लिए इन्हें खा लेते हैं। इससे होता ये कि इंसान इन जीवों में पनपने वाले बैक्टीरिया या इनसे फैलने वाली बीमारियां के डायरेक्ट कॉन्टैक्ट में आ जाते हैं। इधर, बढ़ते तापमान का दंश झेलने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। हर साल करीब 2 करोड़ लोग जलवायु परिवर्तन के चलते विस्थापित होते हैं। ये सभी फैक्टर्स बीमारियों के फैलने के लिए उपयुक्त परिस्थितियां बना रहे हैं।

**तापमान बढ़ने से मौतों का आंकड़ा बढ़ेगा :** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक, मौसम में होने बदलावों का असर तेजी से इंसानों के जीवन पर हो रहा है। 2030 से 2050 तक केवल मलेरिया या दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से ढाई लाख मौतें हो सकती है। वैज्ञानिकों ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि दुनिया में गर्मी से होने वाली एक तिहाई मौतों के लिए इंसान जिम्मेदार है। साल 1991 से 2018 के आंकड़े बताते हैं, गर्मी से हुई 37 फीसदी मौतें इंसानों की गतिविधियों के कारण हुई हैं।

### एशिया कप : बांग्लादेश-अफगानिस्तान का मुकाबला आज

# अफगान टीम का ओपनिंग मैच, बांग्लादेश को भी जीतना जरुरी

**लाहौर, एजेंसी**

**एशिया कप-2023 का चौथा मुकाबला रविवार को बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच भारतीय समय अनुसार दोपहर 3 बजे शुरू होगा। इस मैच का टॉस दोपहर 2.30 बजे होगा। बांग्लादेश की टीम अपने पहले मुकाबले में श्रीलंका से हार गई थी। ऐसे में यह मुकाबला बांग्लादेश के लिए करो या मरो जैसा है, जबकि अफगान टीम ओपनिंग मैच खेल रही है। दोनों टीमें वनडे में इसी साल जुलाई में आमने-सामने हुई थी, तीन मैचों की वनडे सीरीज में अफगानिस्तान को 2-1 से जीत मिली थी।**

अफगानी विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज पिछले हफ्ते पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में टॉप स्कोरर रहे हैं। उन्होंने 58 की औसत से 174 रन बनाए। इसके एक शतक भी शामिल रहा। गुरबाज ने इस साल खेले 9 मैचों में 41.22 की औसत से 371 रन बनाए है। उन्होंने 2 शतक भी जमाया। इसके अलावा विकेट के पीछे 9 कैच पकड़े और 2 स्टंप भी किए। एशिया कप के पहले मैच में श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेशी विकेटकीपर मुश्फिकुर रहीम का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा। वे महज 13 रन बनाकर आउट हो गए।



लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम

### पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने अभी तक जीते 34 मुकाबले

बल्लेबाजी और गेंदबाजी की बात करें तो इस पिच पर बल्लेबाजों को मदद मिलती है। तेज गेंदबाजों को शुरुआत के ओवरों में थोड़ी मदद मिलेगी, वहीं मिडिल ओवर में स्पिनर्स अहम रोल निभा सकते हैं। लाहौर के इस मैदान पर अभी तक 69 खेले जा चुके हैं, जिसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 34 मुकाबले जीते हैं, तो दूसरी इनिंग में बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 33 मुकाबले जीते हैं। वहीं इब्राहिम जादरान, नजमुल हुसैन शान्तो और हशमतुल्लाह शाहिदी को बल्लेबाज के तौर पर टीम में शामिल कर सकते हैं। अफगानी ओपनर इब्राहिम जादरान पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में खास नहीं कर पाए। वे 3 मैचों में 26.66 की औसत से 80 रन बना सके। जादरान ने 9 मैचों में 49.50 की औसत से 396 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। बांग्लादेशी बल्लेबाज शान्तों एशिया कप के पहले मैच में श्रीलंका के खिलाफ टीम के टॉप स्कोरर रहे।

### भारत ने जीता पांच खिलाड़ियों वाला हॉकी एशिया कप

# भारतीय टीम ने जनवरी-2024 में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए किया क्वालीफाई

**बर्लिन, एजेंसी**

भारतीय हॉकी टीम ने 5 खिलाड़ियों वाला हॉकी एशिया कप जीत लिया है। ओमान में खेले गए पहले एशिया कप के फाइनल मुकाबले में टीम ने पाकिस्तान को टाईब्रेकर में 2-0 से हराया। दोनों टीमों ने निर्धारित समय में 4-4 गोल किए। जिसके बाद मैच का फैसला ट्राईबेकर से हुआ। टाईब्रेकर में भारत ने जीत दर्ज की। इसके साथ ही भारतीय टीम ने ओमान में जनवरी-2024 में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। भारत के लिए निर्धारित समय में मोहम्मद राहिल ने दो गोल किए, जबकि जुगराज सिंह और मनिंदर सिंह ने एक-एक गोल किए। टाईब्रेकर में गुरजोत सिंह और मनिंदर सिंह ने शूट-आउट में भारत के लिए गोल किए। जबकि पाकिस्तान के लिए



निर्धारित समय में अब्दुल रहमान, कप्तान अब्दुल राणा, जिक्रिया हयात और अरशद लियाकत ने गोल किए। पहले हाफ का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम एक गोल से पीछे थी। पाकिस्तान की ओर से 3 गोल हुए, जबकि भारत की ओर से 2 ही गोल हो सके। मैच के 5वें मिनट में पाकिस्तान के अब्दुल रहमान ने भारतीय गोलकीपर सूरज कारकेरा को चकमा देते हुए टीम के लिए पहला गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। 7वें मिनट में जुगराज सिंह ने भारत के लिए गोल कर स्कोर 1-1 की बराबरी पर कर दी। 10वें मिनट में मनिंदर सिंह के गोल की बदौलत भारत ने 2-1 से ब?त ले लिया। 13वें मिनट में पाकिस्तान के कप्तान अब्दुल राणा और ठीक इसके एक मिनट बाद जिक्रिया हयात ने गोल कर टीम को 3-2 से आगे कर दिया।

### यूपी टी-20 लीग

# नोएडा ने गोरखपुर को 43 रनों से हराया

**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में यूपी टी-20 लीग का मैच हो रहा है। शुक्रवार को पहला मुकाबला कानपुर सुपर स्टार व मेरठ मेवरिक्स के बीच हुआ। जिसमें कानपुर ने मेरठ को सात विकेट से हराया। अब दूसरा मुकाबला नोएडा और गोरखपुर के बीच खेला गया, जिसमें नोएडा की टीम 43 रनों से जीत गई। नोएडा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सामर्थ और अलमास शौकत ने टीम के लिए रन बटोरने शुरू ही किए थे कि दूसरे ओवर की चौथी बॉल पर गोरखपुर लॉयंस के गेंदबाज ध्रुव प्रताप सिंह की गेंद पर अलमास शौकत ने शिवम शर्मा को कैच थमा दिया। अलमास बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। छठवें ओवर में ध्रुव प्रताप की गेंद पर शातनु (5) ने सीके सिंह को कैच दे दिया।

**मेट्रो एंकर** दूसरा टी-20: ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हराया

# बतौर कप्तान मार्श ने जीती पहली सीरीज

**डरबन, एजेंसी**

डरबन में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही तीन टी-20 मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की बढ़त के साथ ट्रॉफी पर भी कब्जा जमा लिया है। बतौर कप्तान मिचेल मार्श की यह पहली सीरीज है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के जीत के हीरो कप्तान मिचेल मार्श रहे। उन्होंने 39 गेंदों में नाबाद 79 की पारी खेली। वहीं नाथन एलिस और सीन एबॉट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 3-3 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी-20 में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए।

### अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम ने बनाए सबसे ज्यादा रन

साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान एडन मारक्रम ने बनाए। उन्होंने 38 गेंदों का सामना कर 49 रन की पारी खेली। मारक्रम ने अपनी पारी में 3 चौके और 3 छक्के भी जड़े। वहीं अफ्रीका के लिए दूसरे टॉप स्कोरर टेम्बा बावुमा रहे। उन्होंने 17 गेंदों पर 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 35 रन बनाए। एडन मारक्रम ने 38 गेंदों का सामना कर 49 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज सीन एबॉट ने 22 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम के दूसरे सफल गेंदबाज नाथन एलिस रहे।



**ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्श और शॉर्ट के बीच हुई 100 रन की पार्टनरशिप :** वहीं 165 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका 32 रन के स्कोर पर ही लग गया। ओपनर ट्रेविस हेड 18 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभालने के लिए मिचेल मार्श आए। उन्होंने मैट शॉर्ट के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को आगे बढ़ाते हुए 132 रन के स्कोर तक लेकर गए। दोनों के बीच 100 रन की पार्टनरशिप हुई। शॉर्ट12वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने 30 गेंदों पर 66 रन की पारी खेली। शॉर्ट ने अपनी पारी के दौरान 7 चौके और 4 छक्के भी जड़े। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 220 का रहा।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### ओएमजी-2 को लेकर *अक्षय* ने कहा कि

# पंकज ने केस फाइल किया है, मैं उनकी सिर्फ हेल्प करूंगा





ओएमजी-2 अक्षय कुमार से ज्यादा स्क्रीन टाइम पंकज त्रिपाठी का था। हालांकि इस चीज से अक्षय कुमार को कोई दिक्कत नहीं थी। इस बात का खुलासा खुद फिल्म के डायरेक्टर अमित राय ने किया है। अमित ने कहा कि अक्षय फिल्म के प्रोड्यूसर भी थे, वे चाहते तो फिल्म में अपना सीन ज्यादा रख सकते थे। अक्षय ने कहा कि उनके ऊपर फिल्म की जिम्मेदारी जरूर है, लेकिन इसे आगे से पंकज त्रिपाठी ही लीड करेंगे। अमित ने कहा कि अक्षय कुमार ने उन्हें फिल्म बनाते वक्त पूरी आजादी दी थी। डायरेक्टर अमित राय ने बॉलीवुड हंगामा से कहा- अक्षय फिल्म के को-प्रोड्यूसर भी थे। जाहिर है कि काफी फैसले उन्होंने खुद भी लिए थे। उन्होंने मुझसे कहा कि आप जैसे चाहे वैसे फिल्म बना सकते हैं। उन्होंने अपने रोल के लेंथ तक को नहीं देखा। अक्षय ने कहा कि पंकज ने केस फाइल किया (फिल्म की कहानी के मुताबिक) है, मैं बस उनकी हेल्प करने वाले सोर्स का काम करूंगा। अक्षय ने यह भी कहा कि फिल्म उनके कंधे पर जरूर है, लेकिन फिल्म के ड्राइवर (फिल्म को चलाने वाला) वही होंगे। अमित राय ने आगे कहा- अक्षय ने अपना स्क्रीन टाइम बढ़ाने को कभी नहीं कहा।

### अक्षय नहीं होते तो स्क्रिप्ट पर लोग चने खा रहे होते

अमित राय ने दूसरे इंटरव्यू में कहा कि उन्होंने ओएमजी-2 की स्क्रिप्ट को करण जौहर, आशुतोष गोवारिकर और सोनी जैसे बड़े प्रोडक्शन हाउस को दिखाया था। हालांकि उन सभी ने फिल्म की कहानी को रिजेक्ट कर दिया था। वो अक्षय कुमार थे, जिन्हें यह स्क्रिप्ट पसंद आई। अमित के मुताबिक, उनकी स्क्रिप्ट पर लोग चने खा रहे होते। वो तो भला हो अक्षय कुमार का जिन्होंने इस पर काम किया. जिसके परिणाम स्वरूप आज हम फिल्म देख पा रहे हैं। उन्हें अपने किरदार के बारे में पता था और उन्होंने इसे ईमानदारी के साथ निभाया भी। फिल्म में अक्षय और पंकज दोनों का रोल बहुत बैलेंस्ड था। एक्टर गोविंद नामदेव को पहले पार्ट की तुलना में कम स्क्रीन टाइम मिला है।

# सी-बीच पर समय बिताती नजर आईं सामंथा

हाल ही में सामंथा ने सोशल मीडिया पर कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क में समय बिताते हुए कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन दिनों सामंथा अमेरिका में मायोसाइटिस का ट्रीटमेंट ले रही हैं। उन्होंने वेब सीरीज सिटाडेल के इंडियन वर्जन और तेलुगु फिल्म कुशी की शूटिंग पूरी करने के बाद एक्टिंग से कुछ दिनों के लिए ब्रेक लिया है। तस्वीरें शेयर करते हुए सामंथा ने मेक्सिकन पेंटर फ्रीडा काहलो की लाइनें कोट करते हुए लिखा- मैं अपने लिए खुद एक प्रेरणा हूं। मैं खुद को सबसे अच्छी तरह से जानती हूं और मैं खुद को और भी बेहतर तरीके से जानना चाहती हूं। मायोसाइटिस एक ऑटो-इम्यून डिजीज है। इससे पूरे शरीर की मसल्स में सूजन बनी रहती है।





# एक्ट्रेस *तमन्ना* ने फिल्म इंडस्ट्री में 18 साल होने पर फैंस को बोला थैंक्यू

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने 18 साल पूरे कर लिए है। इस खास मौके पर एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर अपनी पूरी जर्नी की झलक दिखाई है। वीडियो में तमन्ना की फिल्में बाहुबली, जेलर, बाहुबली 2, लस्ट स्टोरीज-2 के क्लिप्स नजर आए। वीडियो को शेयर करते हुए तमन्ना एक लम्बा चौड़ा कैप्शन भी लिखा। उन्होंने लिखा- टीनेजर के सपनों से लेकर एडल्ट फीलिंग्स तक। मुश्किल में पड़ी एक लड़की और बगल की अगले दरवाजे की लड़की से लेकर एक बदमाश बाउंसर और अब एक निडर इंवेस्टीगेटर तक। ये सफर काफी शानदार सफर रहा है। अपने सच्चे प्यार एक्टिंग के साथ अनंत काल की इस यात्रा में 18 साल लग गए। तमन्ना ने लिखा- इन अद्भुत यादों को याद करने के लिए कुछ समय मिला और मैं इसे आप सभी के साथ शेयर करना चाहती थी। जिन्होंने इस सपनों के सफर में मेरा सबसे ज्यादा साथ दिया है। शुक्रिया और मैं आप सभी से बहुत प्यार करती हूं।

### मां नीना गुप्ता बेटी मसाबा से बोलीं-

# जो गलती मैंने की, वो तुम नहीं करोगी

फिफैशन इन्फ्लुएंसर मसाबा गुप्ता पहली शादी से पहले लिव इन रिलेशनशिप में रहना चाहती थीं। हालांकि, उनकी मां नीना गुप्ता को यह कतई मंजूर नहीं था। मसाबा ने पहली शादी से पहले अपनी मां के सामने एक प्रपोजल रखा था। वे पार्टनर को ठीक से समझने के लिए उसके साथ शादी से पहले साथ रहना चाहती थीं। हालांकि, नीना गुप्ता नहीं चाहती थीं कि जो गलती उन्होंने की, वहीं गलती मसाबा भी करें। मसाबा ने इसके बाद शादी कर ली। हालांकि, यह शादी सिर्फ दो साल चली। नीना ने इसके लिए खुद को दोषी करार दे दिया। मसाबा गुप्ता ने ट्विंकल खन्ना के साथ उनके यूट्यूब चैनल पर कहा कि वे अपनी मां से काफी दुखी हुई थीं। मसाबा ने कहा, मां ने मुझे शादी के लिए बहुत ज्यादा समझाया। मैं शादी से पहले अपने होने वाले पति के साथ लिव इन में रहना चाहती थी। मां ने कहा कि जो गलती मैंने की, वो तुम नहीं करोगी। उन्होंने कहा कि अगर तुम रिश्ते को लेकर श्योर हो तो डायरेक्ट शादी करो। मसाबा ने आगे कहा, मां काफी ज्यादा गुस्से में थीं। हालांकि, जब मेरी शादी सिर्फ दो साल में टूट गई तो वे अंदर से पूरी तरह टूट गईं। उन्हें लगा कि यह शादी उन्हीं की वजह से टूटी है। मां ने कहा कि उन्हें मुझे फ्री छोड़ना चाहिए था। उन्होंने अपने आप को एक खराब मां तक कह दिया। हालांकि, सच्चाई यही है कि उन्होंने लाइफ में जो भी देखा, वे नहीं चाहती थीं कि मैं भी वही चीज देखूं।



### मसाबा ने शादी प्रेशर में की थी

मसाबा ने कहा कि उन्होंने शादी सिर्फ प्रेशर में की थी। उनकी उम्र के सभी लोग शादी कर रहे थे। इसी वजह से उन्होंने भी मैरिड होने का फैसला लिया था। मसाबा को लगा कि वे कहीं पीछे न छूट जाएं। मसाबा ने बॉलीवुड के फेमस फिल्म मेकर मधु मंटेना से 2015 में पहली शादी की थी। दोनों की शादी 2019 में टूट गई थी। तलाक के चार साल बाद मसाबा ने जनवरी 2023 में एक्टर सत्यदीप मिश्रा से दूसरी शादी की। बिना शादी प्रेग्नेंट हो गई थीं नीना, सिंगल मदर होने का दुख झेल चुकी हैं नीना गुप्ता बॉलीवुड की बेबाक एक्ट्रेसेस मानी जाती हैं। शायद शुरुआती दौर में उन्हें वो पहचान नहीं मिल पाई थी, जो आज के वक्त मिली है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022